चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 115, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 24 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्ते का बड़ा आधार 'परस्पर विश्वास-सम्मान'

# ऑस्ट्रेलिया हुआ मोदी का मुरीद...

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों का सबसे बड़ा आधार 'परस्पर विश्वास और परस्पर सम्मान' है। यह महज कूटनीतिक रिश्तों से विकसित नहीं हुआ है। यह महत्वपूर्ण बात प्रधानमंत्री मोदी ने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की मौजूदगी में कुडोस बैंक एरिना में करीब 20 हजार प्रवासी भारतीयों के मध्य कही। उन्होंने कहा कि इसका असली आधार ऑस्ट्रेलिया में रहने वाला हर भारतीय और ऑस्ट्रेलिया के नागरिक हैं।

**नमस्ते आस्ट्रेलिया:** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत 'नमस्ते आस्ट्रेलिया' से की। मोदी ने कहा कि एक समय था जब भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों की व्याख्या 'ट्रिपल सी' यानी कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल), क्रिकेट और करी से होती थी। आज दोनों देशों के संबंध 'थ्री डी' पर केंद्रित हैं। यानी डेमोक्रेसी (लोकतंत्र), डायस्पोरा (प्रवासी) और दोस्ती।

**संबंधों का फलक और व्यापक:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ लोगों ने यह भी कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध 'थ्री ई' यानी एनर्जी (ऊर्जा), इकोनॉमी (अर्थव्यवस्था) और एजुकेशन (शिक्षा) पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, 'कभी 'सी' कभी 'डी' और कभी 'ई'। अलग-अलग कालखंड में यह बात संभवतः सही भी रही हो, लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक संबंधों के विस्तार का फलक इससे कहीं ज्यादा बड़ा है। यह संभव हुआ है ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले सभी भारतीयों और यहां के नागरिकों के परस्पर सहयोग और विश्वास से।





**भौगोलिक दूरी से क्या होता है:** उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच भौगोलिक दूरी जरूर है लेकिन हिंद महासागर इन्हें आपस में जोड़ता है। जीवनशैली भले अलग हो पर अब योग भी इन्हें आपस में जोड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्रिकेट से तो दोनों देश न जाने कब से जुड़े हुए हैं, लेकिन अब टेनिस और फिल्में भी इन्हें आपस में जोड़ रही हैं।

## भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा टैलेंट फैक्टरी: मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों से जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। मैं 2014 में भी आया था। तब आपसे वादा किया था कि आपको फिर भारत के किसी प्रधानमंत्री का 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आज सिडनी के इस एरीना में,फिर हाजिर हूं और मैं अकेला नहीं आया हूं। प्रधानमंत्री अल्बनीज भी मेरे साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ये जानकर अच्छा लगा कि आप सबने भी आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया है। हमारे क्रिक्रेट के रिश्ते को 75 वर्ष पूरे हो गए हैं। क्रिक्रेट की फील्ड पर मुकाबला जितना रोचक होता है उतनी ही गहरी हमारी ऑफ द फील्ड दोस्ती है। भारत के पास सामर्थ्य की कमी नहीं है। संसाधनों की भी कमी नहीं है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे युवा टैलेंट की फैक्टरी भारत में है।

ब्रिसबेन में खुलेगा वाणिज्य दूतावास

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिस्बेन में भारतीय समुदाय की बहुत समय से जो मांग थी, अब उसे पूरा किया जाएगा। जल्द ही ब्रिस्बेन में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास खोला जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने सिडनी सामुदायिक कार्यक्रम में द लिटिल इंडिया गेटवे की आधारशिला भी रखी।

## 'सिविल सेवा परीक्षा' के परीणाम घोषित

### शीर्ष चारों स्थान महिलाओं के नाम

**नई दिल्ली: संघ** लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2022 के नतीजे घोषित कर दिये हैं। इस बार कुल 933 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिनमें 613 पुरुष और 320 महिलाएं हैं। इनके अतिरिक्त 41 दिव्यांगों का चयन किया गया है। आयोग की ओर से जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार शीर्ष चार उम्मीदवार महिलाएं हैं। वहीं शीर्ष 25 में 14 महिलाएं और 11 पुरुष हैं। पिछले साल जून में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा का




आयोजन किया गया था, जिसमें 11 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। करीब 5.73 लाख उम्मीदवार परीक्षा में बैठे थे।

### एक्सपोर्ट से पहले भारतीय कफ सिरप की टेस्टिंग जरूरी

**नई दिल्ली:** भारत से विदेश भेजे जाने वाले सभी कफ सिरप की अब लैब टेस्टिंग होगी। लैब में परीक्षण के बाद ही सिरप को एक्सपोर्ट किया जा सकेगा। नया नियम 1 जून से लागू होगा। पिछले साल गाम्बिया में 66 और उज्बेकिस्तान में 18 बच्चों की मौत हुई थी। दावा किया गया था कि ये मौतें भारत में बनी खांसी की दवाइयों को पीने के बाद हुई हैं।


**दवाइयों की क्वालिटी से कम्प्रोमाइज नहीं:** डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने एक नोटिफिकेशन जारी किया।

## कफ सिरप के निर्यात से पहले गुणवत्ता की जांच जरूरी



**नई दिल्ली। कुछ** देशों से भारत में बन रहे कफ सिरप की गुणवत्ता पर उठे सवाल के बाद केन्द्र सरकार ने इसके निर्यात से पहले निर्धारित सरकारी प्रयोगशाला में गुणवत्ता जांच को आवश्यक कर दिया है। इस संबंध में मंगलवार को विदेश व्यापार महानिदेशालय ने जारी एक अधिसूचना में कहा कि निर्यात किए जाने वाले उत्पाद के नमूने का प्रयोगशाला में परीक्षण होने के बाद ही कफ सिरप का निर्यात करने की अनुमति मिलेगी। नई व्यवस्था एक जून से लागू हो जाएगी। एक्ट में संशोधन कर निर्यातकों को एक जून से कफ सिरप विदेश भेजने से पहले निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना जरूरी होगा। इन प्रयोगशालाओं में गाजियाबाद स्थित इंडियन फामोर्कोपिया कमिशन, सीडीएल कोलकाता, सीडीटीएल चेन्नई, सीडीटीएल मुंबई, सीडीटीएल हैदराबाद, आरडीटीएल चंडीगढ़, आरडीटीएल गुवाहाटी और किसी भी एनएबीएल मान्यता प्राप्त स्टेट ड्रग टेस्टिंग लैब शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल गाम्बिया और उजबेकिस्तान में कफ सिरप पीने से हुई कई बच्चों की मौत के लिए भारत-निर्मित कफ सिरप को कथित तौर पर दोषी बताया गया था।

## जी20: पड़ोसी के फैलाए आतंक ने कश्मीर की शांति छीनी




**श्रीनगर:** श्रीनगर में जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की दूसरे दिन की मीटिंग शुरू हो चुकी है। इस दौरान जम्मू- कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने नाम लिए बिना पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से नॉलेज और लुभावने नजारों का केंद्र रहा है।

30 सालों से इसकी शांति पड़ोसी देशों की तरफ से फैलाए गए आतंक की वजह से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, 'कश्मीर अब एक नए युग की तरफ बढ़ रहा है'। वहीं, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे पास यहां दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज हैं। यूथ काफी जागरूक है वो प्रधानमंत्री मोदी की तरफ ऑफर की गई मौकों को समझ सकते हैं। श्रीनगर का कॉमन मैन पीएम मोदी की ग्लोबल जर्नी का हिस्सा बनना चाहता है।

**डेलिगेट्स कश्मीर की खूबसूरत जगहों पर घूमेंगे:** मीटिंग में शामिल होने आए डेलिगेट्स कश्मीर के कई खूबसूरत जगहें जैसे परी महल, चश्मा शाही, निशात गार्डन, पोलो व्यू मार्केट घूमेंगे। इसके बाद डेलिगेट्स के लिए एक खास डिनर भी आयोजित किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को शेरपा अमिताभ कांत ने कहा था- फिल्मों की शूटिंग के लिए कश्मीर से बेहतर कोई जगह हो ही नहीं सकती। हमारा फोकस इकोनॉमी को बूस्ट करने के अलावा फिल्म टूरिज्म बढ़ाने पर भी है। सरकार यहां आने वाले फिल्ममेकर्स की लोकेशन ढूंढने में, लोकेशन शिफ्ट करने में मदद भी करेगी। इस मीटिंग में 5 देश चीन, सऊदी अरब, तुर्किये, इंडोनेशिया और इजिप्ट शामिल नहीं हो रहे हैं। वहीं, 22 मई को श्रीनगर पहुंचे अन्य विदेशी डेलिगेट्स का एयरपोर्ट पर पारंपरिक वेशभूषा में कश्मीरी युवतियों ने स्वागत किया था।

### फॉर्म भरने या आईडी दिखाने की जरूरत नहीं, 30 सितंबर तक बैंकों में चेंज या जमा करा सकेंगे

# 2000 का नोट बदलने की प्रोसेस शुरू

**नई दिल्ली:** आरबीआई ने 19 मई को 2000 का नोट सर्कुलेशन से वापस लेने का ऐलान किया था। इसके तीन बाद यानी देशभर के बैंकों में इस नोट को बदलने की प्रोसेस शुरू हो गई है। लोग बैंकों में अपने नोट बदलने के लिए पहुंच रहे हैं। एसबीआई ने 30 सितंबर तक 2000 के नोट बदलने या अकाउंट में जमा कराने को कहा है।

**सवाल: एसबीआई ने कहा क्या है?**

जवाब: रिजर्व बैंक 2000 का नोट सकुर्लेशन से वापस लेगा, लेकिन मौजूदा नोट अमान्य नहीं होंगे। ऑब्जेक्टिव पूरा होने के बाद 2018-19 में इसकी प्रिंटिंग बंद कर दी गई थी।




**2. सवाल: कहां से बदल सकते हैं ये 2 हजार के नोट?**

जवाब: आप अपनी पास की किसी भी बैंक की शाखा में जाकर ये नोट बदल सकते हैं। यहां सवाल उठता है कि ये नोट पोस्ट ऑफिस की शाखाओं में बदले जाएंगे। इस पर रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया है कि डाकघर बैंक नहीं है। इसलिए वहां ये नोट नहीं बदले जाएंगे। हालांकि आप चाहेंगे तो इसे वहां जमा करवा सकते हैं।

**सवाल: मेरा बैंक अकाउंट नहीं है तो क्या मैं इसके बिना नोट बदल सकता हूं?**

जवाब: हां, आप किसी भी बैंक के ब्रांच में जाकर नोट बदल सकते हैं। उस बैंक में आपका अकाउंट हो ऐसा जरूरी नहीं है।

## दो हजार का नोट वापस लेने से अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा नकारात्मक प्रभाव : कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि दो हजार रुपये का नोट अचानक वापस लेने से देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे बैंक के ऊपर भी अतिरिक्त दबाव बढ़ेगा। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि अभी बाजार में दो हजार के 181 करोड़ नोट हैं। ऐसे में अगर एक आदमी एक समय में पांच नोट बदलता है तो बैंक को इन नोटों को बदलने के लिए 36 करोड़ ट्रांजेक्शन करना पड़ेगा। यदि एक ट्रांजेक्शन में चार मिनट लगते हैं तो 144 करोड़ मिनट बैंकों के चार महीने में इसी काम में लग जाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार



के इस फैसले से बैंकों को लगभग ढाई करोड़ घंटे लगाने होंगे। इससे बैंक का कार्य प्रभावित होगा, किसानों,छोटे व्यापारियों आदि को लोन मिलने में परेशानी होगी। इससे उनके व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। जिसके चलते हमारे अर्थतंत्र पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। गौरव ने कहा कि कांग्रेस नोट बंदी के खिलाफ थी और दो हजार की नोट वापस लेने के भी खिलाफ है। बार-बार नोटों को बदलना वापस लेना रुपये की साख गिराने जैसी बात है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर 10 नक्सली अरेस्ट

### एक ट्रैक्टर विस्फोटक बरामद, बड़े हमले की थी तैयारी, माओवादी लीडर्स ने मंगवाया था बारूद

**जगदलपुर:** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने 10 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 5 माओवादी बीजापुर जिले के रहने वाले हैं। इनके पास से एक ट्रैक्टर कॉर्डेक्स वायर और करीब 500 डेटोनेटर बरामद किया गया है। भारी मात्रा में विस्फोटक बड़े नक्सली लीडर्स के पास ले जाया जा रहा था। छत्तीसगढ़ या फिर तेलंगाना में सबसे बड़े नक्सली हमले की तैयारी थी। हालांकि, पुलिस ने इनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है।

तेलंगाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी नक्सली संगठन के सदस्य भारी मात्रा में विस्फोटक के साथ मुलाकानापल्ली और दुमुगुडेम मंडल के एक ठिकाने में मौजूद हैं। इसी के आधार पर भद्रादी कोत्तागुड़म पुलिस ने दुमुगुडेम और सीआरपीएफ की 141वीं बटालियन के जवानों की एक टीम बनाकर मौके के लिए रवाना किया गया। इलाके के गांवों और इससे लगे जंगल में सर्चिंग अभियान चलाकर 10 संदिग्धों को पकड़ा। जिनके पास से एक ट्रैक्टर, एक बोलेरो वाहन समेत दो बाइक्स भी बरामद की गईं।



**बड़े हमले की थी तैयारी:** बरामद वाहनों की तलाशी में एक ट्रैक्टर से करीब 90 बंडल कॉर्डेक्स वायर, 500 डेटोनेटर समेत अन्य विस्फोटक सामान के साथ 10 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला की इनमें से 5 तेलंगाना और 5 छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के आवापल्ली इलाके के रहने वाले हैं।

पिछले कई सालों से नक्सल संगठन के लिए काम कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। इनके पास से बरामद किए गए बारूद की कीमत लाखों में है। हालांकि, ये विस्फोटक कहां से लेकर आ रहे थे इसका खुलासा नहीं किया है। अफसरों ने कहा कि, जल्द ही इस सप्लाई चेन को भी तोड़ा जाएगा।

### वाराणसी कोर्ट का फैसला, सारे मुकदमों का नेचर एक; 7 जुलाई को होगी सुनवाई

# ज्ञानवापी विवाद से जुड़े सात मामले एक साथ सुने जाएंगे

**वाराणसी:** वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी विवाद से जुड़े सात मामलों की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया है। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश ने 22 मई को यह आदेश दिया है। हिंदू पक्ष ने 7 केस एक साथ सुनने की याचिका दाखिल की थी। मामले में अगली सुनवाई 7 जुलाई को होगी।

**वकील बोले- एक ही प्रकृति के हैं सात केस:** हिंदू पक्ष के वकील सुभाष चतुर्वेदी ने कहा, फैसला हमारे पक्ष में आया है। सारे मुकदमों का नेचर एक ही है। राखी सिंह के




केस नंबर 693/21 मामले को लीडिंग केस के रूप में सुना जाएगा। इसी केस के तहत सभी मामलों की सुनवाई होगी।

**मसाजिद कमेटी ने जताई थी आपत्ति:** मामले में राखी सिंह की तरफ से वकील शिवम गौड़, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तरफ से वकील रमेश उपाध्याय, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से रईस अहमद ने दलील देकर एक साथ सुनवाई ना किए जाने की मांग की थी।

वहीं, चार महिला वादियों के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी ने कहा था कि सातों मुकदमे एक प्रकृति के हैं। समय की बचत और कोर्ट की सुविधा को देखते हुए सभी 7 मामलों की एक साथ सुनवाई किया जाना न्यायसंगत है।

**पिछले साल दिसंबर में लगाई थी याचिका:** ज्ञानवापी से जुड़े श्रृंगार गौरी वाद की महिला वादियों (राखी सिंह, रेखा, सीता, मंजू, लक्ष्मी) ने पिछले साल दिसंबर में जिला जज की कोर्ट में एप्लिकेशन देकर 7 मामलों की सुनवाई एक साथ, एक ही कोर्ट में करने की मांग की थी। इसमें 6 सिविल जज सीनियर और 1 केस किरण सिंह की फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रहा था।

## बंगाल के हालात यूक्रेन से बदतर: शुभेंदु अधिकारी

### अवैध पटाखा फैक्ट्री में तीसरे धमाके को लेकर कहा- यहां यूक्रेन से ज्यादा ब्लास्ट होते हैं

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल के हालात यूक्रेन से बदतर हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में यहां से कम धमाके होते हैं। अब तो वहां भी हालात शांतिपूर्ण हो रहे हैं, लेकिन बंगाल में धमाके नहीं रुक रहे हैं। राज्य में पटाखों की अवैध यूनिट में सात दिन में हुए तीसरे ब्लास्ट के बाद उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने 26 मई को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली अभिषेक बनर्जी की याचिका की सुनवाई



को लेकर कहा कि कानून सभी के लिए एक है, फिर सीबीआई और ईडी ने शारदा चिटफंड स्कैम में ममता बनर्जी और कोयला और गाय की तस्करी के मामले में उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी को जांच के दायरे से बाहर क्यों रखा है।

**सात दिन में पटाखों की फैक्ट्री में तीसरा ब्लास्ट:** पश्चिम बंगाल में सात दिन के पटाखों की एक अवैध यूनिट में तीसरा ब्लास्ट है।

खबर संक्षेप


## साइबर अपराधियों ने उड़ाए खाते से एक लाख पन्द्रह हजार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** साइबर अपराधियों ने एक युवती के खाते से एक लाख पन्द्रह हजार रुपये उड़ा दिए। युवती ने अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम मतुई(नमक सायर) पिरथीगंज निवासनीय रेनू सिंह पुत्री दुर्विजय सिंह का कहना है कि उसके घर का पेंशन मऊआइमा के बैंक ऑफ बडौदा में है। रेनू सिंह का कहना है कि परिवार का रूका हुआ दो वर्ष का पेंशन खाते में आया। इसी दरम्यान आठ अप्रैल से दस अप्रैल के बीच साइबर अपराधियों ने खाते को हाईजैक कर एक लाख पन्द्रह हजार रुपये उडा दिए। रेंनू सिंह ने तुरंत बैंक के शाखा प्रबंधक को दी। फिर प्रयागराज के फाइबर क्राइम ब्रांच को दिए। रेंनू सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात साइबर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# शंकरगढ़ में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### धनुआ नैनी का रहने वाला था अविनाश द्विवेदी






अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ में सोमवार की तरह मंगलवार को भी एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मृतक नैनी कोतवाली क्षेत्र के धनुआ का रहने वाला है। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दी है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के धनुआ निवासी अविनाश द्विवेदी (33) पुत्र योगेंद्र प्रसाद द्विवेदी बाइक से कहीं गया था। मंगलवार की देर शाम करीब 7.30 पर वह घर की तरफ वापसी कर रहा था। इसी दौरान प्रयागराज-बांदा राजमार्ग पर शिवराजपुर के निकट स्थित गंगोत्री रेस्टोरेंट के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला वाहन तो मौके से भाग निकला। इस हादसे की जानकारी राहगीरों के जरिए पुलिस तक पहुंची तो तत्काल शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से अचेत अवस्था में अविनाश को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित करदिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। एसओ ने कहा कि घटनास्थल की जांच के लिए पुलिस टीम को भेज गया है। टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में पता लगाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी।

## दो पक्षो में मार पीट छेड़खानी आदि मामले में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के शहबाज पुर में पुरानी रंजिश को ले कर हुई मार पीट में एक पक्ष ने सोमवार को तीन के खिलाफ आश्लील हरकतें तथा मार पीट का मुकदमा दर्ज कराया था।जबकि दूसरे पक्ष ने मंगलवार को आश्लील हरकतें ,लूट पाट सहित आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के शहबाज पुर गांव में दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर जम कर लाठी डंडे चले थे। एक पक्ष ने एक दिन पूर्व मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि उसकी पत्नी पुराने वाले घर में जानवरों को पानी देने गयी थी। आरोप है कि तभी विपक्षी घर में घुस गए तथा उसकी पत्नी का कपड़ा फाड दिए और अश्लील हरकतें करने लगे। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों को तमंचा के बटों से मारे पीटे ओर कुल्हाड़ी से एक को मार कर बेहोश कर दिए। तथा सोने की जंजीर छीन लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रामनरेश ,राम कली, स्नेहा, सुषमा देवी, धीरेंद्र कुमार, आस्मित,रामराज, शुभम सहित पांच अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# 609 वीं रैंक पाकर मेजा की संध्या सिंह बनी आईएएस

### मूल रूप से मेजा तेन्दुआ कला गांव की संध्या की इस उपलब्धि पर क्षेत्र का नाम हुआ रोशन, मिल रही ढेरों बधाइयां

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट जारी हो गया है। इस परीक्षा में प्रयागराज की संध्या सिंह को 609वीं रैंक मिली है। संध्या सिंह प्रयागराज के मेजा के तेन्दुआ कला गांव की रहने वाली हैं। संध्या सिंह शुरूआत से ही टॉपर रही हैं। हाई स्कूल व इंटर में टाप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसके बाद पहले ही प्रयास में यूपीएससी-2021 की परीक्षा में सगे भाई-बहन संध्या सिंह व विवेक सिंह ने एसडीएम बनकर क्षेत्र सहित जनपद का नाम रोशन किया था। भाई-बहन का एक साथ एसडीएम बनने पर क्षेत्र में गौरव प्राप्त करने वालों की चर्चा तेज रही। वहीं यूपीएससी-2022 की परीक्षा में 609वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनकर संध्या सिंह ने एक बार फिर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन किया है। मंगलवार को उनके घर तेन्दुआ कला में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। विधायक मेजा संदीप पटेल ने घर पहुंचकर संध्या सिंह के पिता कृष्ण कुमार सिंह व माता प्रतिमा सिंह को बधाई दी है। संध्या सिंह के पिता के कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंत्री जी अपने निजी इंटर कॉलेज के प्रबंधक हैं और माता प्रतिमा सिंह प्रधानाचार्या हैं।

# एल एन टी विभाग की घोर लापरवाही महोरी में पाइप लाइन दौड़ाने के लिए खोद डाली सड़क, आक्रोश

### महीनों से सड़क मार्ग पर गड्ढा खोद कर नहीं डाली पाइप लाइन आवागमन बाधित

अखंड भारत संदेश



**करछना।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत महोरी रीवा में हर घर जल योजना के अंतर्गत पानी की सप्लाई देने के लिए महीनों पूर्व पाइपलाइन बिछाने का कार्य एलएनटी विभाग द्वारा इस कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी ग्राम प्रधान राजकुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एलएनटी विभाग को आरोपित करते हुए आक्रोश व्यक्त किया है कि विभाग द्वारा गांव की पक्की सड़क इंटर लॉकिंग सड़क खड़ंजा मार्ग एवं गलियों में पाइप डालने के लिए सड़क खोद डाली गई थी जिससे आवागमन पूरी तरह ग्रामीणों के लिए दुश्वार बन गया है आरोप है कि विभाग द्वारा गांव में सड़क मार्ग की खोज कर गड्ढा कर दिया गया तथा विभाग आधा अधूरा कार्य करके बाकी शेष कार छोड़ दिया है तथा वही सड़कों पर नल का कनेक्शन कर दिया जिससे सड़कों पर पानी भरा रहता है और आधे से ज्यादा गांव में पाइपलाइन गड्ढा खोदकर छोड़ दी गई पाइप दौड़ाई नहीं गई जिससे लोग पेयजल से भी वंचित हैं ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से इस ओर ध्यान आकर्षित करने की अपील की है।



## भाजपा मंडल जसरा की बैठक संपन्न आगामी कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

**जसरा।** मंगलवार को ब्लॉक सभागार जसरा में भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला जी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें मुख्य वक्ता जिला मंत्री यमुनापार श्री शिवराम सिंह परिहार जी ने आगामी होने वाले कार्यक्रमों के बारे में कार्यकताओं को विस्तार पूर्वक बताया कार्यक्रम का संचालन दोनों मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी व भूपेन्द्र पाठक ने सयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र सिंह पटेल, मंडल प्रभारी रंग बली पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता शंभूनाथ खरे, राजा बाबू पाठक, शंकरलाल केसरवानी मधुकर, परमेश्वर बौद्ध, वीरेंद्र पाठक, अवध बिहारी मिश्रा, सुरेश मिश्रा, प्रीतम केसरवानी, निधिष पाठक, जसरा प्रधान आशीष सोनकर, बच्चा मालवी, आलोक पाठक, सुधांशु मिश्रा, दीप चंद गुप्ता, राहुल पाल, शिवाकांत तिवारी, हजारी लाल पटेल, अर्जुन विश्वकर्मा, देवराज सिंह, बजरंग बहादुर सिंह, गोपाल केसरवानी अनिल मिश्रा, आदित्य पासवान, पवन द्रिवेदी, बजरंगी लाल साहू, उदित नारायण मिश्रा, राजन मिश्रा, नितेश केसरवानी शंकर लाल गुप्ता, अमरजीत पटेलृ अशोक तिवारी संदीप द्विवेदी राम सागर द्विवेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# लालापुर मनकामेश्वर मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**लालापुर।** भाजपा मनकामेश्वर मंडल लालापुर कार्यसमिति की बैठक मंगलवार मंडल अध्यक्ष वंदना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा यमुनापार जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी रहे। इस अवसर पर मिशन 2024 को लेकर कार्यकताओं को मूल मंत्र दिया गया। इसके लिए कार्यकताओं को बूथों को और अधिक मजबूत व धारदार बनाने के साथ नए-नए लोगों को संगठन से जोड़ने के निर्देश दिए गए। कार्यसमिति की बैठक में कार्यकताओं को बूथ मैनेजमेंट के साथ सरल ऐप के माध्यम से संगठन विस्तार करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही संगठन के केंद्रीय समिति से मिलने वाले निदेर्शों का अनुपालन करने को कहा गया।

कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा ने अपने शासनकाल में देश को नई पहचान दिलाने का काम किया। देश तरक्की की राह में तीव्रता से आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं से जनता को लाभांवित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्जवला योजना के तहत मिले रसोई गैस, आयुष्मान कार्ड जैसे कई योजनाओं के संचालन से देशवासियों को लाभ मिला है. केंद्र सरकार की ऐसे लाभकारी योजनाओं की जानकारी कार्यकर्ता हर नागरिक तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के समग्र विकास में भाजपा ही एकमात्र विकल्प है। संचालन मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय ने किया.. ।इस दौरान भाजपा जिला प्रतिनिधि शंकरलाल पांडेय, कप्तान सिंह, होरीलाल, नंदलाल पाल, राम कुमार पाल, मंगला तिवारी, सतीश शुक्ला, भोले उपाध्याय, दीपक पांडेय, मनोज त्रिपाठी, दीपचंद्र शुक्ला,शेषमणि द्विवेदी, केपी द्विवेदी, इंद्रेश सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अमेठी समाचार

# जेठ बड़े मंगल पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर दिन भर आस्था का सैलाब लेता रहा हिलोरें

अखंड भारत संदेश

**शुकुल बाजार अमेठी।** ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर दिन भर आस्था का सैलाब हिलोरें लेता रहा। हनुमान मंदिरों पर सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गांवों व कस्बों के चौराहों से लेकर गली मुहल्लों तक आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भीड़ उमड़ती रही। क्षेत्र में जेठ माह के बड़े मंगल पर श्री राम भक्त हनुमान जयकारों की गूंज से वातावरण मंगलमय देखा जा रहा था। सुबह से ही रामभक्त हनुमान के मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना कर भंडारे का आगाज शुरू हुआ। कस्बे के चौराहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही थी। वहीं पूरा दिन मंदिरों में हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे। क्षेत्र में भक्तों द्वारा विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों के भी आयोजन किए गए। भक्तों द्वारा हनुमान जी को लड्डुओं का भोग लगाया गया। जगह जगह स्टाल लगाकर भंडारे के आयोजन भी किए गए। मंदिरों को रंग-बिरंगे फुलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। जेठ माह के पावन अवसर पर धार्मिक जनों ने अपने घरों में भी सुंदर कांड और रामचरित मानस पाठ के आयोजन किए।

#### उदासीन आश्रम महावीरन धाम पर देर शाम तक चलता रहा भंडारे का कार्यक्रम

कस्बा स्थित उदासीन आश्रम महावीरन धाम पर सुबह से ही भक्तों का तांता देखा गया साथ साथ भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन भी देखा गया जो देर शाम तक चलता रहा। हनुमान भक्तों द्वारा पूजा अर्चना मंगल भवन अमंगल हारी लाल देह लाली लसे की गूंज पूरा दिन मंदिर परिसर के आस-पास गुंजती सुनाई दी। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद हनुमान जी को भोग लगाया गया। मंदिर के पूजारी एवं व्यवस्थापक की देखरेख में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में सामूहिक सुंदर कांड व भजन- कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक आयोजन हुए। हनुमान भक्तो के मन और शरीर पर आस्था का ऐसा असर रहा कि झुलसा देने वाली धूप में भी श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए प्रसाद ग्रहण करते देखे गए।

#### देखा गया आस्था का सैलाब प्रसाद की होड में देखी गई भीड़

जेठ के तृतीय बड़े मंगल पर आस्था का सैलाब देखा गया स्टालों पर जयकारों के साथ प्रसाद लेने की होड़ देखते बनती थी। हनुमान भक्तों के मन हुआ शरीर पर आस्था का ऐसा असर रहा कि झुलसा देने वाली धूप में भी भक्तगण द्वारा स्टालों पर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते देखा गया। सुबेहा रोड अनयारी कटरा चौराहा अंबेडकर चौराहा मेन मार्केट आदि स्थानों पर शरबत कड़ी चावल सब्जी पूड़ी बूंदी हलवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने हनुमान भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजित किया गया।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सदस्य जिला कार्यकारिणी से संस्था प्रबंधक ने सामाजिक विषयों पर की चर्चा

अखंड भारत संदेश



**शुकुल बाजार अमेठी।** अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्ध जनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं उसी क्रम में आज विकास खण्ड बाजार शुक्ल की ग्राम पंचायत फुंदनपुर के गांव पूरे फत्ते सिंह निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाजार शुक्ल एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य जस करन सिंह से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि बतौर प्रबंधक श्री राधा कृष्ण प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद लिया वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता ने संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्ध जनों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से संस्था के लिए गौरवपूर्ण बताया और कहा कि वह प्रबुद्ध जनों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन से भविष्य में और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे।

# अवैध खनन के विरुद्ध थाना प्रभारी अभिनेष कुमार ने की करवाई

### 01 अदद जेसीबी व 01 अदद डम्फर को किया गया सीज

अखंड भारत संदेश




**कमरौली अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमरौली थाना प्रभारी अभिनेष कुमार द्वारा को ग्राम गढ़ा मोड़ के पास के पास अवैध खनन की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके से 01 अदद जेसीबी व 01 अदद डम्फर बिना रजिस्ट्रेशन नंबर को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट की कार्यवाही करते हुए थाना परिसर में सुरक्षित किया गया साथ ही अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही थाना कमरौली द्वारा की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### बेटी की शादी तैयारी के पूर्व गरीब की गृहस्थी हुई खाक



**करछना।** बेटी की शादी के पूर्व गरीब का आशियाना जलकर खाक हो गया करछना थाना क्षेत्र के बसही गांव में बीती रात गरीब मजदूर के घर में अचानक आग लग गई देखते देखते पूरा घर जलकर राख हो गया बताया जाता है कि जून माह में उसकी बेटी की शादी थी जिसके लिए तैयारियां चल रही थी गांव के लालू पुत्र डंगर के घर के बगल बांस की कोठी है जिसके कारण बीती रात भोर में अचानक आग लग गई देखते देखते घर का सारा सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया बुझाने का तथा मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

### पी जी कॉलेज में हुआ टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सिंधौरा मुगरसन स्थित केवलापति पी जी कॉलेज में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के दर्जनो गांव के परास्नातक छात्र छात्राओं ने पहुंच कर पीजी कालेज से स्मार्टफोन प्राप्त किया। केवलापति पी जी कॉलेज के प्रबंधक डॉ एस वी सिंह और मुख्य अतिथि व कॉलेज के संस्थापक सेवा सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करने के बाद माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की रही मुख्य अतिथि सेवा सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क गरीब छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है। जिसके चलते अब छात्र मोबाइल के द्वारा दुनिया भर में होने वाली सभी हलचलों के बारे में जानकारी कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान शिक्षा अब इंटरनेट के माध्यम से प्रदान की जाने लगी है ऐसे में छात्र छात्राओं के पास स्मार्टफोन की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे सुरेन्द्र सिंह सीमा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा क्षेत्र में बढ़ने के लिए फ्री टेबलेट स्मार्ट योजना प्रारंभ की है जो सराहनीय है ,उन्होंने बताया कि एमए, एमएससी के चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 142 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया है। कॉलेज के प्रबन्धक डॉ एस वी सिंह ने सभी छात्र,छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। टेबलेट पा कर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। उक्त अवसर पर प्राचार्य चंद्र लाल यादव, विपिन कुमार,श्यामवली यादव, प्रतीक सिंह यादव,धर्मेन्द्र यादव,सुरेन्द्र सिंह, ब्रिजेश सिंह, शक्ति सिंह, सूर्यभान सिंह और जवाहर लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

### भंडारे के आयोजन में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**सहसों।** सहसों बाजार निवासी समाजसेवी एवं महावीर हनुमानजी के परम भक्त यशवंत सिंह के संयोजन में मंगलवार को उनके बाईपास स्थित आवास पर विशाल भंडारे के आयोजन पर सहसों सहित क्षेत्रीय भक्तों ने भारी संख्या में उपस्थित होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किए। भंडारे के आयोजक यशवंत सिंह ने बताया कि हनुमान जी की कृपा एवं उनके आशीर्वाद से सन 2013 से अनवरत यह कार्यक्रम चला रहा है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष पंचांग के अनुसार जेष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को हम सपत्नीक परिवार समेत दारागंज बांध पर स्थित लेते हुए हनुमान जी का पूजन, धूप, दीप, आरती के पश्चात सहसों स्थित आवास पर विशाल भंडारे का आयोजन शुरू होता। जिसमें लगभग 2 हजार श्रद्धालु भक्त भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर सायंकाल तक चलता रहता है।

## खबर संक्षेप

### धार्मिक आयोजन में डांस करते समय जनरेटर में फंसे किशोरी के बाल, करीब 800 लगे टांके, हालत नाजुक

**प्रयागराज।** सैदाबाद में धार्मिक आयोजन में नृत्य करते समय एक किशोरी के बाल जनरेटर में फंस गए। इससे किशोरी के सिर की चमड़ी उधड़ गई। गंभीर हालत में उसे एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। यहां पर दो डॉक्टरों ने तीन घंटे तक आपरेशन किया। किशोरी के सिर में करीब आठ सौ टांके लगाए गए हैं। घटना के बारे में जो भी सुना वह स्तब्ध रह गया।निशान चढ़ाने के कार्यक्रम में गांव की महिलाएं समूह में नृत्य कर रही थीं। यहीं पर एक जनरेटर भी चल रहा था। झूमते नाचते समय एक किशोरी के खुले बाल जनरेटर में फंस गए। इससे उसके सिर की पूरी चमड़ी ही उधड़ गई। उसका पूरा शरीर खून से लथपथ हो गया। देख आयोजन में हड़कंप मच गया और खुशी का माहौल गमगीन हो गया। आनन फानन में किशोरी को हनुमानगंज स्तित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।यहां पर दो डॉक्टरों ने तीन घंटे की मशक्कत कर उसके सिर में करीब 800 टांके लगाए हैं। किशोरी की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉ. एसएन यादव ने बताया कि दो चिकित्सकों की टीम ने बच्ची के सिर का आपरेशन कर टांका लगाया है। उसके सिर की पूरी चमड़ी बाल समेत उधड़ गई थी।

# कोषाधिकारी बन ठगी करने वाले गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

## प्रयागराज साइबर क्राइम की टीम ने किया खुलासा, रिटायर्ड पुलिस पेंशनर को बनाते थे निशाना

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** एक ऐसे गैंग का खुलासा हुआ है। जो कोषाधिकारी बनकर रिटायर्ड पेंशनरों को अपना निशाना बनाते थे। वह वेरिफिकेशन के नाम पर उनके खाते के बारे में जानकारी लेते थे और उनके खाते से पूरी रकम निकालने में कामयाब हो जाते थे। ऐसे कई शिकायत को संज्ञान लेने के बाद प्रयागराज की साइबर क्राइम की टीम ने मंगलवार को गैंग के सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

**काफी दिन से सक्रिय था गैंग :** यह गैंग काफी दिनों से इस कार्य में सक्रिय था। इसमें कई लोग शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 9 मोबाइल फोन, 15 एटीएम कार्ड, 11 अदद प्री एक्टिवेटेड सिमकार्ड भी बरामद हुए हैं। पुलिस उनकी छानबीन में जुटी है। साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पांचों से पूछताछ की जा रही है।

**बारीकी से निकाल लेते थे खाते से रुपए :** राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गैंग के सदस्य बड़ी ही चालाकी से पेंशनरों के खाते से रुपये निकाल लेते थे। वह पेंशनर का नंबर तलाश कर उनके मोबाइल पर कॉल करते थे। उन्हें बताते थे कि वह कोषाधिकारी बोल रहे हैं। इसमें शामिल लोग अपने मोबाइल के ट्र कॉलर पर ट्रेजरी आफिसर के नाम से सेव किए होते हैं।पेंशनरों से कहते थे कि उनका पेंशन अपडेट करना है इसलिए वह नौकरी से संबंधित जानकारी जैसे नियुक्ति जनपद, रिटायरमेंट की तारीख व अन्य जानकारी पूरे विश्वास में लेकर पूछ लेते थे। पेंशन खाते को ऑनलाइन वेरिफिकेशन के नाम पर गोपनीय दस्तावेजों, ओटीपी को रिमोट एक्सेसिंग एप के माध्यम से प्राप्त कर पेंशनर से ऑनलाइन बैंकिंग एप को डाउनलोड एवं चालू कर उनके खाते से रुपए निकालने में सफल हो जाते थे।

**पकड़े गए साइबर अपराधी :** अब्दुल मतीन पुत्र हारून मियां (गैंग सरगना), निवासी बारा, थाना सारठ, जिला देवघर झारखंड।अंकित अग्रवाल पुत्र मिर्चा अग्रवाल निवासी अलीगोल महल, सदर बाजार, बैरकपुर, झारखंड।बसारत अंसारी पुत्र मो. सपतली मियां, निवासी संथाली, जिला देवघर, झारखंड। एसके जीशान हुसैन पुत्र एसके जाकिर हुसैन, निवासी न्यू टेंगरा रोड, गोविंदा खटीक रोड,कोलकाता पश्चिम बंगाल। विजय प्रसाद पुत्र मोतीलाल प्रसाद, निवासी मियां जाने लेन, गोविंद रोड, कोलकाता पश्चिम बंगाल।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम :** प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार तिवारी, उप निरीक्षक अनुज कुमार तिवारी, राघवेंद्र कुमार पांडेय के अलावा सत्येश राय, लोकेश पटेल, रूप सिंह, प्रदीप कुमार यादव, अनुराग यादव, मुस्लिम खां समेत साइबर क्राइम थाना की टीम का सहयोग रहा।

# इफको के जनर मैनेजर के घर से लाखों की चोरी

### सूचना के बाद भी नही पहुची स्थानीय पुलिस



**झूंसी।** क्षेत्र में इन दिनों चोरी छिनैती की वारदात बढ़ गई है। सोमवार की रात चोरों ने त्रिवेणीपुराम में रहने वाले इफको के रिटायर्ड अधिकारी के घर मे घुस कर लाखो के जेवरात व नगदी समेट कर फरार हो गए। घर मे सो रहे मकान मालिक को घटना की भनक तक नही लगी। सीसी टीवी में चार चोर नजर आए है। इसी तरह चामुंडा बिल्डर के घर भी चोरी हुई थी जिसका खुलाशा अब तक नही हुआ। इफको के जनरल मैनेजर ट्रांसपोर्ट से रिटायर्ड पीएन झा का वाई 1 बी 116 त्रिवेनिपुरम में मकान है। इनदिनों वह परिवार के साथ बाहर गए है। घर पर उनका बेटा पुष्कर झा था। सोमवार की रात डेढ़ बजे के करीब चार चोर बाउंड्री पर चढ़ कर घर मे लगे सीसी टीवी कैमरे का कनेक्शन काट कर खिड़की की ग्रिल उखाड़ कर अंदर दाखिल हुए और पूरे घर को इत्मिनान से खागाला अलमारी का लाकर तोड़ कर उसमें से 66 हजार नगदी व चार से पांच लाख के सोने, चांदी व हीरे के जेवरात समेट कर फरार हो गए। घर मे सो रहे युवक को घटना की जानकारी सुबह उठने पर हुए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ कंट्रोल रूप को भी दी गई। पीआरबी के सिपाही मौके पर पहुच जानकारी ली पर शाम तक स्थानीय पुलिस नही पहुची। यही कालोनी में हसे भर पहले चामुंडा बिल्डर के घर भी चोरी हुई थी वहा भी सीसी टीवी में चार से पाच युवक चोरी करते नजर आए थे लोगो का कहना था कि घटना का खुलाशा हुआ होता तो ये चोरी न होती।

# अग्नि-सुरक्षा एवं बचाव हेतु सिविल डिफेंस कन्ट्रोल रूम में प्रशिक्षण अभ्यास प्रदर्शन एवं माकड्रिल का आयोजन

## जन जागरूकता अभियान 22 मई से 22 जून 2023 तक आयोजित किये जाने है

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सिविल डिफेन्स प्रयागराज के सीनियर डिप्टी कन्ट्रोलर ने बताया, रजनीश गुप्त अपर मुख्य सचिव, शासन, उत्तर प्रदेश नागरिक सुरक्षा अनुभाग, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश के अनुपालन मे अग्नि-सुरक्षा एवं बचाव हेतू जन-जागरूकता अभियान दिनांक 22-5-23 से 22-6-23 तक आयोजित किये जाने है।तत्क्रम मे प्रतिदिन की श्रृंखला मे आज दिनांक 23-5-23 मंगल वार को फायर ड्रिल, शॉर्ट सर्किट, गैस सिलेंडर, गैस रिसाव अन्य ज्वलनशील पदार्थों से बचाव एवं मौसमी लू के थपेडो से सुरक्षा हेतु सिविल-वार्डेन्स के सहयोग से सिविल डिफेंस कन्ट्रोल रूम मे प्रशिक्षण अभ्यास प्रदर्शन एवं माकड्रिल कार्यक्रम किया गया । जिसमें रविशंकर द्विवेदी के नेतृत्व मे फाइटर्स के द्वारा प्रैक्टिकल डेमो करके दिखाया गया। बिजली से लगी आग , गैस सिलेंडर में लीकेज होने से लगने वाले आग को बुझाने के लिए कंबल एवं बाल्टी का प्रयोग कर आग बुझाने के मैथड सिखलायै गये। लोगों को डेमो करके क्राऊड मैनेजमेंट के तरीके दिखाये गये ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राकेश कुमार तिवारी सीनियर डिप्टी कंट्रोलर ,चीफ वार्डन अनिल कुमार जी ने गर्मी से राहत के लिये प्याऊ चलवाये। स्टाफ ऑफिसर श्री रविशंकर द्विवेदी,घटना नियंत्रण अधिकारी- मार्कण्डेय राय पोस्ट वार्डेन्स भारतभूषण वार्ष्णेय पोष्ट वार्डन राजेश कुमार पाठक विनोद कुमार सिंह आदि आम निवासी उपस्थित रहे।

# दस हजार घरो में जल संकट गहराया

### पहले थी लो प्रेशर की समस्या दो दिनों ने घरों में नही आया पानी



**झूंसी।** गंगा किनारे उस्तापुर महमूदाबाद पाठशाला में जलनिगम की मोटर में आई खराबी की वजह से करीब दस हजार घरो में पानी का संकट खड़ा हो गया है। पहले लो प्रेशर की समस्या थी तब मोटर के सहारे पानी मिला जा रहा था लेकिन तीन दिनों से लोगो के घरों में लगी टोटियों सूखी पड़ी है। झूंसी के उस्तापुर महमूदाबाद पाठशाला पर लगी लग निगम की टंकी से महमूदाबाद, गंगादीप, मिलन चौराहा, अशोक नगर, गोकुल धाम में पानी की सप्लाई होती है। कुछ दिनों से मोटर की पंखी में खराबी की वजह से प्रेशर कम था। लेकिन शनिवार से पूरी तरह सप्लाई बाधित हो गई है। लोगो ने पार्षद शिवनारायण यादव को बताया तो उन्होंने एक्सीएन से वैकल्पिक व्यवस्था कराने की बात कही पर कोई व्यवस्था नही हुई। पार्षद शिवनारायण यादव आसपास लगे समर्सिबल से लोगो के घरों में पानी सप्लाई करा रहे है। मामले की जानकारी के लिए जलनिगम के एक्सीएन से सम्पर्क किया गया पर उनका फोन नहीं उठा।

## न्यूज झरोखा

### संगम के लेटे हनुमान मंदिर में कोतवाल का ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर भव्य श्रृंगर



**प्रयागराज।** ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगलवार को संगम के लेटे हनुमान जी का सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। संगम तट स्थित बड़ हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया। साथ ही बड़े हनुमान महाराज का श्रृंगार हुआ बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाराज पूजन कर महाआरती की। दिन में भंडारे का आयोजन किया गया। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालुओं के गले को तर करने के लिए शरबत की भी व्यवस्था रही। मंदिर में विशेष पूजन हुआ। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया। बड़े हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे थे। सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। संध्या आरती साढ़े चार बजे महाआरती हुई। वहीं भक्तों को धूप से बचाने के लिए मंदिर परिसर में टेंट की भी व्यवस्था की गई थी। सुबह से ही भक्तों के लिए मंदिर परिसर में भंडारा के साथ सरबत वितरण किया गया। इस दौरान दूर-दूर से लोग ध्वज पताका लेकर कोतवाल की चौखट पर पहुंचे। अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया बाघंबरी मठ और बड़े हनुमान मंदिर के महंत बलबीर गिरी महाराज ने बताया कि बड़े हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए तैयारी की गई थी दूर-दूर से भक्त प्रभु के दर्शन को आए और पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

### नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियां करें सम्पर्क

**प्रयागराज।** कैप्टन(नौसेना) भारतेन्द्र सिंह कँवर (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, प्रयागराज ने अवगत कराया है कि जनपद प्रयागराज के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों/शहीद वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को इन्फार्मेशन टैक्नोलॉजी प्रशिक्षण (480 घंटे), एस0एस0बी0 कोचिंग (30 दिन), कम्प्यूटर फैशन डिजाइनिंग कोर्स (300 घंटे) तथा कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण (180 घंटे) नि:शुल्क कराया जाना है। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक लोग अपने बायोडाटा के साथ शीघ्र जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज में संपर्क करें।

### नैनी में ई-रिक्शा चालक का शव मिला

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र में घर से थोड़ी दूर ई रिक्शा चालक की लाश मिली। मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है के नैनी कोतवाली क्षेत्र के चक दाउदनगर मोहल्ला निवासी सुशील कुमार विश्वकर्मा उर्फ मोनू (40) पुत्र बांकेलाल विश्वकम्मा दो भाइयों में छोटा था उसकी एक बहन भी है मां की मौत हो चुकी है उसकी शादी नहीं हुई थी वह ई रिकशा चलाकर अपनी आजीविका चलाता था उसके बड़े भाई सोनू ने बताया कि वह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा उसकी लाश घर से करीब 500 मीटर दूर सड़क किनार पड़ी मिली। उधर से गुजर रहे लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी ।पुलिस मौके पर पहुंची और आधार कार्ड से उसकी पहचान हो पाई नैनी चौकी प्रभारी उमाशंकर सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण की स्थिति स्पष्ट होगी। परिवार वालों की तरफ से कोई आरोप जैसी तहरीर नहीं मिली है।

# अतीक अहमद के वकील विजय ने कारोबारी से मांगी रंगदारी

**उधार के रुपए मांगने पर प्लाई कारोबारी को जान से मारने की धमकी, एफआईआर**



**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ के वकील विजय मिश्रा पर तीन करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में ऋक्र दर्ज की गई है। प्लाईवुड कारोबारी ने यह मुकदमा दर्ज कराया है। कारोबारी का आरोप है कि उधार के पैसे मांगने पर वकील विजय मिश्रा ने अतीक अहमद और उसके गुर्गों का हवाला देते हुए तीन करोड़ की रंगदारी मांगी है। वहीं रुपए नहीं देने पर जान से मारने की भी धमकी दी है। दरियाबाद मोहल्ला निवासी कारोबारी सईद अहमद का कहना है कि मुट्ठीगंज में उसकी प्लाईवुड की दुकान है। 5 जनवरी को अतीक के वकील विजय मिश्रा ने एक लाख 20 हजार रुपए की प्लाई और माइका दुकान से उधार ले गए थे। इसके बाद अलग-अलग तारीखों पर थोड़े-थोड़े रुपए दे रहा था। 17 अप्रैल 2023 को विजय मिश्रा को दुकान पर काम करने वाले लड़के शेखर ने फोन करके बकाया पैसा जमा करने के लिए कहा। इसके बाद विजय मिश्रा ने गुस्से में फोन पर गाली-गलौज करने के धमकी देने लगा। इसके बाद शेखर ने डरके फोन काट दिया। उसके बाद उसने सईद अहमद को पूरी घटना बताई। 20 अप्रैल को सईद अहमद के मोबाइल पर एक नंबर से वकील विजय मिश्रा ने फोन किया। कहा कि अतीक अहमद का मैं वकील हूं। उसके सारे गुर्गे हमारे करीबी है। तीन करोड़ रुपए दे दो नहीं तो तुम्हारी जान नहीं बचेगी। सईद अहमद के मुताबिक मोहक हॉस्पिटल के समीप रहने वाले अधिवक्ता विजय मिश्रा के घर के पास ही सामान सप्लाई किया है। उसका भी पैसा बकाया है। दोनों बकाया पैसे देने के बजाय उल्टा उससे रंगदारी मांगी जा रही है। इसी आधार पर पीड़ित ने अतरसुइया थाने में विजय मिश्रा के खिलाफ शिकायती पत्र दिया। इसके आधार पर पुलिस ने विजय मिश्रा निवासी मोहक हॉस्पिटल के पास, बेली, थाना कैंट के खिलाफ ऋक्र दर्ज की गई है।थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि रंगदारी मांगने के प्रकरण में वकील विजय मिश्रा के खिलाफ रंगदारी गाली-गलौज एफआईआर दर्ज की गई है। जिसकी विवेचना सब इंस्पेक्टर एसएम कासिम को सौंपी गई है।

# चिलचिलाती धूप में नए पुल पर लग रहा घंटों जाम

## पुल मरम्मत को लेकर प्रतिदिन जाम की बनी है स्थिति

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में जहां एक तरफ 8 मई से 100 दिनों के लिए निरंजन डॉट पुल के नीचे से लोगों की आवाजाही पूरी तरह से बंद है। जिसके चलते आए दिन शहर के कई जगहों पर घंटों लंबा जाम देखने को मिलता है। वहीं दूसरी तरफ नए यमुना पुल पर मरम्मत का कार्य शुरू है, जिसकी वजह से नए पुल पर भी जाम लग रहा है। इस चिलचिलाती धूप और गर्मी से लोग पहले से ही काफी परेशान हैं।वहीं जाम में फंसने के बाद मानों जैसे लोगों की सांसे थम जाती हों। लोग कभी गाड़ी से बाहर उतरकर जाम को देखते तो कभी गाड़ी में बैठते। वहीं जाम में सवारी बसें भी फंसी हुई दिखीं, जिसमें लोग गर्मी की वजह से पसीने से लथपथ दिखे।

**1 जून से आवाजाही के लिए पुल का एक ही हिस्सा खुला रहेगा :** नया यमुना ब्रिज एक केबल-स्टे ब्रिज है, जिसका निर्माण 2004 के अंत तक यमुना नदी पर पुराने पुल पर यातायात को कम करने के उद्देश्य से किया गया था। जो अब लोगों के लिए एक पिकनिक स्पॉट बन गया है। यहां प्रतिदिन सुबह शाम लोगों की काफी भीड़ देखने को मिलती है। यह पुल, यमुना नदी के उत्तर-दक्षिण में प्रयागराज शहर को नैनी के मुख्य औद्योगिक क्षेत्र से जोड़ता है। वहीं पुल को बने लगभग 18 साल हो गये हैं, जिसके रखरखाव को ध्यान में रखते हुए पुल की बेयरिंग बदलने और उसकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि 1 जून से पुल के एक ही रूट को खोला जाएगा और एक रूट पर मरम्मत का कार्य किया जाएगा।

**मरम्मत के लिए 17 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत :** यमुना ब्रिज की मरम्मत के लिए 17 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। मरम्मत कार्य का टेंडर फ्रांस की कंपनी फ्रेसिनेट को दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले पुल के बेयरिंग बदलने का काम किया जाएगा। इसके बाद ज्वाइंटर्स को बदलने सहित अन्य मरम्मत का कार्य किया जाएगा। हर 18 से 20 साल में बेयरिंग को बदलना और पुल की मरम्मत करना होता है। अधिकारियों ने कहा कि यह पुल पिछले 18 सालों से उपयोग में है। ऐसे में प्रस्तावित मरम्मत कार्य संरचना अधिकारियों के रखरखाव को और नुकसान से बचाने के लिए महत्वपूर्ण है।

# संगम में डूबे दो युवकों में एक का मिला शव

## 32 घंटे बाद मिली बॉडी, दूसरे की तलाश जारी, परिवार संग नहाने आए थे

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को डूबे मध्य प्रदेश के सतना जिले के दो युवकों में से एक की लाश मंगलवार को झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग में मिल गई। जिसकी पहचान आदित्य के रूप में हुई, जबकि दूसरे का अभी पता नहीं चल पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। दारागंज कोतवाली पुलिस के मुताबिक मध्य प्रदेश के सतना जिले के कृष्णा नगर, कोल थाना निवासी कामता प्रसाद खरे नगर निगम में कर्मचारी हैं। सोमवार को वह अपने परिवार के साथ संगम स्नान करने के लिए प्रयागराज आए थे। कामता का बेटा गोविंद खरे (19) और उसके दोस्त आदित्य कुमार (21) पुत्र नंदलाल एवं अमन कुमार उर्फ बबलू (15) संगम में नहा रहे थे। नहाने के दौरान वह तीनों खेलते हुए संगम एरिया में लगाई गई बैरिकेडिंग को पार कर तेज बहाव की तरफ चले गए। जहां तीनों बहने लगे। वहां मौजूद जेल पुलिस और गोताखोरों ने अमन को तो पकड़ लिया। जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन गोविंद और आदित्य गहरे पानी में समा गए। यह देख साथ में आई गोविंद की मां बहन अचेत होकर गिर गईं। परिवार में कोहराम मच गया। दिनभर जल पुलिस की टीम ने गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश करती रही, लेकिन कुछ पता नहीं चला।मंगलवार को सुबह फिर से जल पुलिस और गोताखोरों की टीम दोनों युवकों की तलाश में जुट गई। गोविंद का भाई सूरज और बहनोई अंकित पुलिस साथ नाव से दोनों की तलाश कर रहे थे। मंगलवार शाम को आदित्य का शव झूसी थाना क्षेत्र के छतनाग घाट के पास मिल गया। इस बीच दिन में आदित्य के पिता नंदलाल और मां सपना बाल्मीकि प्रयागराज आ गए थे। बेटे की लाश देखकर दोनों दहाड़ मार कर रोने लगे। घरवालों ने बताया कि आदित्य दो भाइयों में पढ़ा था। गोविंद का अभी पता नहीं चला है। इंस्पेक्टर दारागंज ने बताया कि उसकी तलाश की जा रही थी, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार को फिर से उसकी खोजबीन कराई जाएगी।

# विभिन्न घाटों पर पुलिस ने लगाए सेप्टी बैनर, स्नान के समय सावधानी बरतने का किया आग्रह

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** भीषण गर्मी के कारण इन दिनो राहत पाने लिए युवा गंगा और यमुना नदी की ओर रुख कर रहे है। लेकिन जरा सी असावधानी उन्हें मौत के मुंह में धकेल रही है। सोमवार को भी सतना जिले से अए दो युवक गंगा में डूब गए जिनकी तलाश में जल पुलिस और गोताखोर कर रहे है पिछले एक हफ्ते में आधा दर्जन युवा नदी की गहराई में समा चुके है। इसी के मद्देनजर विभिन्न घाटों पर पुलिस बैनर के माध्यम से लोगों को सावधान रहने की सलाह दे रही है। नहाते समय नदी में डूबने की लगातार हो रही अनहोनी के मद्देनजर प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने खतरनाक घाटों पर लोगों को सावधान करने के लिए बैनर लगाना शुरू कर दिया है। इन दिनों भीषण गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग गंगा यमुना की तरफ रुख कर रहे हैं। प्रयागराज पुलिस के साथ ही जल पुलिस ने कोटेश्वर घाट, फाफामऊ, बघाड़ा सलोरी, दारागंज के साथ-साथ तारापुर, ककरहा घाट और सरस्वती घाट को स्नान के लिए खतरनाक बताया है। इसके साथ ही गंगा का कछार भी स्नान के लिए सुरक्षित नहीं है। पुलिस लोगों से स्नान के लिए नियत घाटों पर ही स्नान करने का आग्रह कर रही है। जिसमें संगम, रामघट, काली घाट, दशाश्वमेध घाट, अरैल और छतनाग घाट का उपयोग पर्याप्त सावधानी रखते हुए किया जा सकता है इसके साथ ही शहर की नवजीवन स्विमिंग क्लब ने नदी में डूब रहे लोगों को बचाने के लिए अनोखी पहल की है। जिसमें संस्था के दो श्वानो को मीरापुर घाट पर प्रशिक्षित किया जा रहा है प्रशिक्षक त्रिभूवन निषाद ने बताया कि श्वान डूब रहे लोगों को बचा भी चुके हैं। श्वानों के साथ संस्था के लोग लाइफसेविंग उपकरण के साथ मौजूद रहते हैं और हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचकर राहत कार्य करते हैं।





# कार्यालय ग्राम पंचायत बरनपुर विकासखंड कोरांव प्रयागराज

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

पंचम राज्य वित्त / पंद्रहवां वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरनपुर के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य कराने हेतु दिनांक 05 - 05 - 2023 से दिनांक 12 - 05 - 2023 तक सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14 - 05 - 2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपराहन दो बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम व शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्य विवरण -:**

1- पंचायत भवन से काली सड़क तक इंटरलॉकिंग कार्य दूरी 100 मीटर
2- मंगला कॉल के घर से आत्मा दरकार के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य दूरी 60 मीटर
3- गोपाल तालाब अमृत सरोवर पर बैरिकेडिंग कार्य
4- गुलाब सिंह के खेत के पास पक्की झाल का निर्माण कार्य
5- प्राथमिक विद्यालय के भवनों व किचेन में टाइल्स निर्माण व गेट मरम्मत कार्य
6- ग्राम पंचायत में आवश्यकता अनुसार विभिन्न स्थानों पर रिबोर कार्य

**भगवती प्रसाद कोल**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बरनपुर**

**रमाशंकर भारती**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बरनपुर**

# होमगार्ड ने अपने छोटे भाई को चाकूओं से गोदकर मार डाला

## चाकू से हत्या कर आरोपी पहुंचा थाने, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की रात बड़े बेटे ने छोटे भाई की चाकू से हत्या कर उसकी आंखो के ही सामने उसकी कोख को उजाड़ दिया। उसके बाद आरोपी थाने में पहुंच कर आत्मसमर्पण कर दिया। घटना को लेकर मृतक के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी शैलेंद्र तिवारी ने स्थानीय थाने मे चैकीदार है। वह सोमवार की रात्रि लगभग 3 बजे छत पर सो रहे सगे छोटे भाई शैलेश के ऊपर हमला कर दिया। वह शैलेश के पेट में चाकू से कई वार कर



शैलेश तिवारी (फाइल फोटो)।

दिया। जान बचाने के लिए वह कुछ समझ नहीं पाया और छत के नीचे कूद गया।घायल अवस्था में शैलेश नीचे सो रही मां के सामने लड़खड़ा कर गिर गया। आरोपी शैलेंद्र वहां भी पहुंच गया और चाकू से पुनः कई वार कर सगे खून के रिश्ते को मां की आंखों के ही सामने हमेशा-हमेशा के लिए सुला दिया। लोगो के मुताबिक मृतक का पिता ज्ञानेंद्र एक दशक पहले से ही लापता है। वही मृतक की मां माधुरी पति के गायब होने के बाद से ही विक्षिप्त हो गई है। आरोपी आए दिन मां को प्रताड़ित करता था। जबकि मृतक रोजी-रोटी के लिए गुजरात में रहता था। बड़े भाई के करतूतों को देखकर वह दो माह पहले गुजरात से आकर घर पर ही रहकर कुछ करने के साथ ही मां का ख्याल रखने के लिए रुक गया। वहीं शैलेश ने हाल ही में ई-रिक्शा को खरीदा था।न जाने क्या बात थी शैलेंद्र के अंदर कि उसे इतना निर्दयीपूर्ण कदम को उठाना पड़ा। लोगो की माने तो मृतक बहुत ही शांत मिजाज का था जबकि आरोपी पहले से ही लड़ाकू किस्म का है। इस घटना को लेकर हर कोई दांतो तले उंगली को दबा रहा है। वहीं चाचा भूपेंद्र तिवारी ने बड़े भतीजे पर आरोप लगाया है की उसने छोटे भतीजे की धारदार हथियार से हत्या कर दी। चाचा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज कर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चेती होती पुलिस तो न होती हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यदि सांगीपुर पुलिस पहले से चेती होती तो शायद यह हत्या न होती।लोगो की माने तो मृतक ने बड़े भाई की दबंगई की शिकायत कई बार पुलिस से की थी,लेकिन पुलिस ने उसकी बातो को नजरांदाज करती आई। यही वजह है की उसका परिणाम आज सामने है। कही न कही से देखा जाए तो घटना की जननी पुलिस ही है।

# इलेक्ट्रानिक उपकरणों से उत्पन्न तरंगों से स्वास्थ्य पर पड़ता है नकारात्मक प्रभावः मनीषा

## मेडिकल कालेज में आयोजित व्याख्यान में दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 'डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में जनपद की अग्रणी समाजसेवी संस्था जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के संयोजन में दिल्ली की कंपनी इन्वायरोनिक्स साइनर्जी लिमिटेड की संस्थापक व निदेशक आर्टिटेक्ट मनीषा मातनहेलिया द्वारा एक व्याख्यान व प्रदर्शन किया गया, जिसमें उपस्थित विद्यार्थियों को इलेक्ट्रोनिक उपकरणों से उत्पन्न होने वाली तरंगों का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। मनीषा ने बड़े ही दिलचस्प ढंग से यह बताया कि मोबाइल व लैपटॉप आदि उपकरणों को किस प्रकार प्रयोग किए जाए, जिससे उनका नकारात्मक प्रभाव कम से कम हो।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी.एम. शुक्ला




मेडिकल कालेज में आयोजित व्याख्यान में बोलतीं आर्टिटेक्ट मनीषा।

उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संयोजक डॉ मोना सक्सेना ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा सबके साथ दीप प्रज्वलन संपन्न किया। जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट की संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. शिवानी मातनहेलिया ने ट्रस्ट के कार्यों व मनीषा का परिचय दिया। डॉ. आर. सी. सक्सेना ने विषय परिवर्तन करते हुए विषय की प्रसंगिगता तथा आवश्यकता पर विशेष बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. जी.एम. शुक्ला ने आयोजक डॉ. मोना सक्सेना को इस प्रतिम आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अतिरिक्त डॉ. दीपिका केशरवानी की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

# एमडीपीजी कालेज में सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू, छह रहे अनुपस्थित



एमडीपीजी कालेज में सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण करते प्राचार्य।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं एमडीपीजी कॉलेज सहित जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुईं। आज राजनीति विज्ञान की परीक्षा हुई। एमडीपीजी परीक्षा केंद्र पर प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में परीक्षाएं सुचारू रूप से शुरू हुईं। प्राचार्य के निर्देश पर महाविद्यालय के प्रवेशद्वार पर सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थियों को परिसर एवं परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने दिया गया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि प्रथम पाली में 228 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 224 ने परीक्षा दी और 4 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली में 257 परीक्षार्थी पंजीकृत थे 251 ने परीक्षा दी और 6 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बीए द्वितीय सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं द्वितीय पाली में बीए चतुर्थ सेमेस्टर राजनीति विज्ञान की परीक्षा हुई। प्राचार्य के साथ प्रो अरुण तिवारी, प्रो पीके सिंह, प्रो पीयूष कांत शर्मा, डॉ प्रमथेश पांडे, डॉ डी के पाण्डेय आदि अनवरत परीक्षा की निगरानी करते रहे।

# ज्येष्ठ के मंगलवार का हनुमान भक्तों के लिये बड़ा महत्वः हरिप्रताप



मीरा भवन के पास प्रसाद वितरण करते नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व राकेश सिंह।

### मीरा भवन के समीप शरबत व प्रसाद वितरण का हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को आज जगह-जगह लोगों ने शरबत पिलाने व प्रसाद खिलाने का आयोजन किया। शहर के मीरा भवन चौराहे के निकट वीएस मेमोरियल स्कूल के संचालक राकेष सिंह ने प्रसाद व शरबत पिलाने का कार्यक्रम रखा था। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि वैसे तो मंगलवार का दिन ही हनुमान भक्तों के लिये विषेष होता है, लेकिन ज्येष्ठ के मंगलवार का बड़ा महत्व है। उन्होंने राकेष सिंह द्वारा ज्येष्ठ के तीसरे मंगलवार पर शरबत व प्रसाद वितरण कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में सांसद संगम लाल के छोटे भाई दिनेष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसी तरह कुण्डा में हनुमान मंदिर पर शरबत पिलाने का कार्य आज सुबह से ही किया जा रहा था। हनुमान भक्त संकट हटै मिटै सतपीरा जो सुमरै हनुमत बलबीरा का पाठ कर रहे थे और लोगों को शरबत पिलाया जा रहा था। इसी तरह का कार्यक्रम शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह आयोजित किया गया।

### ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बूँदी व शरबत का हुआ प्रसाद वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत परियावां के रेलवे फाटक के निकट ज्येष्ठ माह के मंगलवार की सुबह विहिप के युवा कार्यकर्ताओ द्वारा सामूहिक प्रसाद का वितरण किया गया जिसमे बजरंग बली के चित्र पर धुप दीप से पूजन अर्चन कर शरबत के साथ बूँदी की मिठाई का वितरण किया गया आने जाने वाले राहगीरों को रोककर उनको बजरंग बली का प्रसाद ग्रहण कराया जिसमे भारी संख्या मे लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सामूहिक प्रसाद वितरण मे मुख्य रूप से संजय अग्रहरि, रामफेर साहू, विकास अग्रहरि, आलोक तिवारी, कक्कू अग्रहरि, अमन अग्रहरि, विनोद अग्रहरि, गुड्डू अग्रहरि, विशाल गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, गनेश अग्रहरि, श्यामू चाउमीन, पंकज अग्रहरि, तीरथ मौर्य, आशीष जायसवाल, हरी मोदनवाल, राकेश, आदि लोग मौजूद रहे।

# मानक के अनुरुप समय सीमा के अंदर हो परियोजनाओं का कार्याः डीएम

### डीएम ने विकास योजना के कार्यों की प्रगति का किया समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में रुपए 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं, क्रिटिकल गैप्स एवं त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो/परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि रुपए 50 लाख से अधिक लागत की कुल 152 परियोजनायें में से 22 परियोजनायें अनारम्भ है जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 22 परियोजनाओं का कार्य प्राथमिकता पर प्रारम्भ किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

जल निगम से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि परियोजना प्रबन्धक द्वारा जानकारी के बावजूद प्रतिभाग न किये जाने एवं उपस्थित जल निगम के अभियन्ता को समुचित जानकारी न होने के कारण जल निगम के कार्यो की समीक्षा नही की गयी, बैठक में बिना कारण के अधिशासी अभियन्ता जल निगम के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। सी एण्ड डीएस यूनिट-10 से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा के दौरान पाया गया कि परियोजना प्रबन्धक द्वारा जानकारी के बावजूद प्रतिभाग न किये जाने के कारण किसी भी कार्य की समीक्षा नही की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने सी एण्ड डीएस



विकास योजना के कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

यूनिट-10 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय के पुर्ननिर्माण कार्यो में लापरवाही पर लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता को जिलाधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार यूपीआरएनएसएस प्रयागराज द्वारा समेकित माध्यमिक विद्यालय चलाकपुर के निर्माण कार्य की अपेक्षित प्रगति न होने के कारण जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कान्ट्रैक्टर के विरूद्ध नोटिस निर्गत करने का निर्देश यूपीआरएनएसएस को दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने आवास विकास परिषद के अधिशाषी अभियन्ता को आई0टी0आई0 जारिया रानीगंज, प्रयास हाईस्कूल बढ़नी-मोहनगंज, 50 बेडेड संयुक्त चिकित्सालय बैरमपुर सुवंशा के पूर्ण कार्य को अविलम्ब हस्तान्तरित करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छितपालगढ़ के कार्य प्रत्येक दशा में मई 2023 तक पूर्ण कर हस्तान्तरित करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने क्रिटिकल गैप्स एवं त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो/परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। अन्त में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परियोजनाओं से प्रशासकीय विभाग से सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं/अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी/कार्यदायी संस्था का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। सभी परियोजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत मानक के अनुरूप गुणवत्ता सहित पूर्ण किया जाये। उन्होने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो जाये उसे यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अनिरुद्ध ने यूपीएससी परीक्षा में लहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**



अनिरुद्ध पांडे।

**प्रतापगढ़।** जनपद के रानीगंज तहसील के बसीरपुर स्थित ब्राह्मण परिवार में रहने वाले अनिरुद्ध पांडे ने यूपीएससी की परीक्षा में 64 वी रैंक प्राप्त कर अपना परचम लहराया है । भारतीय सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त आदर्श पांडे के बेटे अनिरुद्ध पांडे ने इसके पूर्व 2020-2021 2022 की पीसीएस परीक्षा में सफल होने के बाद आखिर उन्होंने यूपीएससी 2022 की परीक्षा में 64वीं रैंक प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि सही दिशा में पूरी ईमानदारी से लक्ष्य बनाकर मेहनत किया जाए तो कोई भी सफलता हासिल की जा सकती अनिरुद्ध की सफलता पर इनके पैतृक गांव में परिवार वालों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस दौरान राकेश पांडेय पूर्व प्रधान गुड्डू शुक्ला अनिल पांडेय, आचार्य राजन पांडेय, शिवांकर पांडेय, ग्राम प्रधान रामजी सरोज, प्रदीप कुमार, दीपांकर पांडेय, अजय पांडेय मौजूद रहे।

# बिजली विभाग के शिविर में हुई 3 लाख 25 हजार की वसूली



बिजली विभाग के शिविर में लगी उपभोक्ताओं की भीड़।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ बिजली पावर हॉउस से जुड़े मां भवानी द्वार मिश्रपुर में मंगलवार को बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शिविर का आयोजन किया जिसमें 44 उपभोक्ताओं का मीटर से संबंधित समस्या का समाधान किया गया और 85 उपभोक्ताओं के बिजली बिल का सुधार किया गया जिसमें उपभोक्ताओं ने अपने बिल का भुगतान भी जमा करके रसीद लिया। इस शिविर में लगभग तीन लाख पच्चीस हजार रुपये की वसूली हुई, जिससे उपभोक्ताओं के साथ विभाग को राहत मिली उपभोक्ताओं ने बताया कि इसी तरह शिविर लगने से कोई बड़ा बकायेदार बिजली का नहीं हो पायेगा और विभाग की सिर दर्दी नही होगी। शिविर में एसडीओ अनिल यादव, जेई राजेश मौर्य, नोडल नरेंद्र यादव, सुपर वाईजर श्रीधर ओझा, एसएसओ अनूप यादव रामकेवल वर्मा, लाइनमैन अवधेश, सुरेंद्र मिश्र, रमाशंकर मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण न होने की शिकायत मुख्यमंत्री से, लोगों को हो रही परेशानी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मुख्य मार्ग सड़क से शीतला गंज बाजार होकर जाने वाली सड़क बेलखरनाथ धाम के गंगा गंज तक दो किलोमीटर सड़क का निर्माण न होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज की है। परैया नदी से रतनमई गांव तक दूरी लगभग सात किलोमीटर सड़क का चैड़ीकरण का हो गया है। दो किलोमीटर सड़क का निर्माण दो साल से अधूरा ही रह गया। बरसात के मौसम में सड़क पर लबालब पानी भर जाता है। इससे ग्रामीणों तथा राहगीरों को चोटहिल होकर अस्पताल पहुंच जाते हैं। बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के करनपुर खूझी गांव निवासी शिक्षक अफजल खान तथा पूर्व प्राचार्य जियाउद्दीन खां ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर सड़क निर्माण को लेकर शिकायत करते हुए सड़क निर्माण की मांग की है। जर्जर हो चुकी सड़क पर आसपास के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क के गड्ढों में जमा होने से बीमारी को दावत दे रहा है।

# पानी के टैंकर से टकराकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों मे मची चीख पुकार

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** अपने साढू को अर्रो से संग्रामगढ़ के कोडरी गांव छोड़कर वापस अपने घर जा रहे अजय कुमार पुत्र शिव मूरत पटेल (29) वर्षीय निवासी दुलारे का पुरवा अर्रो की सड़क किनारे खड़े पानी के टैंकर में बाइक के टकराने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग दौड़ पड़े मृतक अजय अपने साढू संदीप पटेल को बाइक से उसके घर संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोटडी गांव सोमवार की शाम आया था जहां से वह अपने साढू को छोड़कर वापस घर जा रहा था कि जैसे ही महमदपुर खास गांव के किनारे पहुंचा कि पहले से पानी का सड़क के किनारे खड़ा टैंकर से उसकी बाइक टकरा गई और वह गिर गया। आसपास के लोगों ने की 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस घायल अजय को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र संग्रामगढ़ ले गई, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जबकि उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं पाए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई थे जिसमें मृतक अजय कुमार दिल्ली में रहकर पेंट का काम करता था और दूसरा भाई गणेश पटेल (22) वर्षीय व बहन रीना कुमारी (21) वर्षीय घर पर अपने पिता के साथ रहती है। बीते 22 अप्रैल को वह अपने घर आया था। मृतक शादीशुदा है जिसकी पत्नी का नाम रंजना देवी और उसको एक बेटा आयुश पटेल है। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### बेशकीमती जमीन से भूमाफियाओं के बेदखल का कोर्ट ने सुनाया फरमान

**अखंड भारत संदेश**

एसडीएम कोर्ट ने सरकारी खाते की जमीन गांव सभा में पुनः समाहित किये जाने का सुनाया फैसला

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी अभिलेखो में हेराफेरी तथा जालसाजी करते हुए दो दशक से अधिक समय से सड़क के खाते की वेशकीमती करोडों की जमीन पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे को कोर्ट ने बेदखल घोषित कर दिया है। लालगंज एसडीएम कोर्ट ने अतिक्रमणीयों द्वारा तीन बीघा उन्नीस बिस्वा छः धूर सडक खाते की जमीन को न्यायिक फैसले मे पुनः ग्रामसभा में समाहित करते हुए सड़क खाते में दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया है। कोर्ट के फैसले से भूमाफियाओं में हडकंप मच गया है। लालगंज एसडीएम अदालत ने सोमवार को सुनाए गए फैसले में तहसील के लक्ष्मणपुर ब्लाक के रेडी गांव में तीन बीघे से अधिक सरकारी जमीन को फर्जी कागजात तैयार कराकर अपने नाम दर्ज कराने वाले भूमाफियाओं का भाण्डा फोडा है। एसडीएम उदयभान सिंह ने करोड़ो की कीमती जमीन को पुनः गांवसभा में दर्ज किये जाने का फरमान सुनाया है। रेडी ग्राम प्रधान मीरा शुक्ला ने बीते 2022 में पहली दिसंबर को डीएम को दिये गये शिकायती पत्र मे गांव के अतिक्रमणीयों द्वारा सड़क खाते की जमीन अपने नाम दर्ज करा लेने की जालसाजी का आरोप लगाते हुए जांच की गुहार की। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी को जांच सौपी। सीआरओ की जांच आख्या आने के बाद यह मामला एसडीएम अदालत मे आ पहुंचा।

### साथी के उत्पीड़न पर दूसरे दिन भी वकीलों का विरोध प्रदर्शन, सीओ को दिया ज्ञापन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता की एफआईआर दर्ज न होने पर मंगलवार को दूसरे दिन भी यहां वकीलों का पारा चढ़ा दिखा। अदालती कार्रवाई का बहिष्कार करते हुए वकीलों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई न होने पर उदयपुर थाने पर धरने की भी संयुक्त अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी है। उदयपुर थाना के उदयपुर बाजार निवासी मोहित जायसवाल तहसील मे विधि व्यवसाय किया करते हैं। उन्नीस मई को घर पर हमले को लेकर मोहित ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये जाने को लेकर तहरीर दे रखी है। जांच के नाम पर उदयपुर पुलिस ने अभी तक केस नही दर्ज किया है। सोमवार को वकीलों ने पुलिस की भूमिका को लेकर न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया था। मंगलवार को भी वकीलों ने साथी के उत्पीड़न को लेकर तहसील गेट से सीओ कार्यालय तक नारेबाजी की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में सीओ को दिये गये।

## खबर संक्षेप

### केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का कौशाम्बी आगमन आज

**कौशाम्बी।** जिले के चायल तहसील क्षेत्र के सैय्यद सरावा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खॉन कौशाम्बी आयेंगे,24 मई को अपरान्ह 13:15 बजे वह सैय्द सरावा पहुँचेंगे। तत्पश्चात 13:15 बजे से 14:15 बजे तक जामिया आरिफिया स्कूल बिल्डिंग के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। राज्यपाल अपरान्ह 14:20 बजे सैयद सरावां से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### नवीन सड़कों के नवनिर्माण हेतु सकिपा सीडीओ को सौंपेगी मांगपत्र

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे बुधवार समय 11 बजे मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी को करीब दो दर्जन नवीन सड़को के नवनिर्माण हेतु एक मांगपत्र सौंपा जायेगा। सौंपे जाने वाले मांगपत्र के माध्यम से क्षेत्र में कई नवीन सड़को के नवनिर्माण हेतु पार्टी के द्वारा मांग की जाएगी। ऐसी जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी।

# पुलिस मुठभेड़ में रेप का आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की बालिका 18 मई की दोपहर को स्कूल से वापस घर जा रही थी बालिका को बाइक में बैठाकर सुनसान जगह पर ले जाने के बाद युवक ने बालिका से जबरदस्ती रेप किया था मामले की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपी युवक की तलाश शुरू की एसओजी पुलिस के सहयोग से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दिया बचाव में पुलिस ने भी फायर किया जिस पर रेप के आरोपी के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो कर जमीन में गिर पड़ा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है आरोपी इसके पहले भी बालिका के साथ बलात्कार कर चुका है जिसमें उसकी गिरफ्तारी हुई थी कई महीने तक जेल में रहने के बाद उसकी जमानत हुई थी लेकिन वह अपनी आदत में सुधार नहीं कर सका और उसने फिर स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया है ऐसे पेशेवर अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट 14 ए की कार्यवाही करते हुए संपत्ति कुर्क करना और बुलडोजर लगाकर उसके घर गिराए जाने की

4 दिन पहले स्कूल से घर वापस जा रही बालिका को बाइक में बैठाकर सुनसान जगह पर ले जाकर युवक ने किया था रेप, इसके पहले भी बालिका से रेप के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है आरोपी



गिरफ्तार रेप का आरोपी

मांग इलाके के लोगों ने की है। घटनाक्रम के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली अंतर्गत 18 मई 2023 को मनोज(काल्पनिक नाम) ने सूचना दिया था उनकी पुत्री सुमन (काल्पनिक नाम) जब स्कूल से वापस घर आ रही थी तो समय 12:30 बजे उसको एक अज्ञात बदमाश अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर एक सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया है। इस संबंध में तत्काल थाने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय थाने के साथ एसओजी व सर्विलांस की टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य व सर्विलांस के सहयोग से अभियुक्त की पहचान पवन कुमार सैनी उर्फ पवन पंडा पुत्र राजमणि पंडा ग्राम छोगरियन का पुरवा समदा थाना मंझनपुर के रूप में की गई जिसकी हुलिया व फोटो की पहचान के आधार पर पीड़ित बालिका ने भी तस्दीक किया अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगी टीम को सोमवार की रात लगभग 2-30 बजे पुलिस को सटीक सूचना मिली कि उपरोक्त वांछित मोटरसाइकिल से ओसा की ओर आ रहा है जिस पर टीम ने ओसा चौराहे पर रेप आरोपी को रोकने की कोशिश की तो रेप आरोपी तेज गति से ग्राम ओसा नहर पुलिया की ओर भागने लगा जिस पर एसओजी व आसपास के सभी थाना चौकियों व उच्च अधिकारियों को सूचना देते हुए पुलिस टीम ने पीछा किया तो नहर पुलिया से आगे वह असन्तुलित होकर गिर गया तथा पैदल भागते हुए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी जिसमें मौके पर मंझनपुर व जनपद के स्वाट टीम द्वारा आत्मसुरक्षार्थ फायर किया गया तो एक गोली अभियुक्त के दाहिने पैर में लगने से वह घायल हो गया पुलिस ने रेप आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार हेतु पुलिस टीम द्वारा हॉस्पिटल भिजवाया गया मौके पर फील्ड यूनिट पहुंच गयी है तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है पकड़ा गया आरोपी इसके पहले भी बालिका के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दे चुका है जिसमें पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी की थी।

## न्यूज झरोखा

### लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समय बद्धता के साथ करें निस्तारण : एसपी



**कौशाम्बी।** बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं को लेकर सिराथू सर्किल के सभी थानों - थाना मोहब्बतपुर पइंसा, थाना कड़ाधाम, थाना सैनी, थाना कोखराज का अर्दली रूम थाना सैनी पर किया गया तथा सभी विवेचकों को निष्पक्ष, गुणवत्तापरक एवं समय बद्धता के साथ विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू, इनामिया अपराधियों एवं लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### नगर निकाय के चुनाव में भाजपा की जीत पर हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ भंडारा



**कोखराज कौशांबी** नगर निकाय के चुनाव में उत्तर प्रदेश में नगर निगम वा अन्य स्थानों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर प्राचीन हनुमान मंदिर कशिया पश्चिम में भंडारा का आयोजन किया भंडारे में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री की पत्नी भी शामिल हुई भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कोखराज थाना के अन्तर्गत कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत के हाइवे रोड़ पर स्थित प्रसिद्ध प्राचीन ऐतिहासिक हनुमान जी के मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में क्षेत्र के भाजपाइयों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पत्नी भी शामिल हुई है यू पी के नगर निकाय के चुनाव में मेयर वा नगरनिगम चुनाव में भाजपा प्रत्यासियो की जीत की खुशी में एकत्रित हुए भाजपाइयों द्वारा भंडारा आयोजित किया है

### शांतिपूर्ण तरीके से कोटा का प्रस्ताव संपन्न



**कोखराज कौशांबी** सिराथू तहसील के मलाक भायल ग्राम पंचायत में मंगलवार को पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कोटा प्रस्ताव किया गया जिसमें ग्राम प्रधान रंजीत पटेल ने निष्पक्ष तरीके से पंचायत सेक्रेटरी के साथ मिलकर बडे. शांति पूर्ण ढंग से कोटा चुनाव सम्पन्न कराया ग्राम पंचायत में कोटा प्रस्ताव मलाक भायल ग्राम पंचायत के मजरा करेंटी की मां अंम्बे महिला स्वंय सहायता समूह की सदस्य पूजा देवी पत्नी राजकुमार का प्रस्ताव पास हुआ जिसमें ग्राम पंचायत नागरिकों ने भी सर्वसम्मति से पूजा देवी को बगैर विरोध के निर्विरोध चुन लिया जिससे ग्रामीणों को बड़ी खुशी हुई ग्राम विकास अधिकारी सतीश चन्द्र चौधरी व प्रधान रंजीत पटेल ने माला देकर पूजा देवी को विजयी घोषित किया।

# दहेज हत्या के दोषी पति को आठ वर्ष कठोर कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

**पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में विवाह के पांच साल बाद आग लगा कर पत्नी की हत्या की गई थी**

**कौशाम्बी।** दहेज हत्या में पत्नी की जलकर मौत के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम विष्णु देव सिंह ने आरोपी को 8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में पांच वर्ष पूर्व हुई दहेज हत्या में दोषी पति को आठ वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने दोषी को बारह हजार रूपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पुरुषोत्तम लाल गुप्ता ने बताया कि कोखराज थाना क्षेत्र के टीकरडीह निवासी मैकूलाल ने 17 फरवरी 2018 को थाना पुरामुफ्ती में तहरीर देकर अपने दामाद के खिलाफ दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी ने अपनी पुत्री सीमा का विवाह घटना के पांच वर्ष पूर्व पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर निवासी सोनू के साथ किया था। शादी में उसने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दहेज भी दिया था, किन्तु उसका दामाद सोनू दहेज में एक मोटर साइकिल की मांग कर रहा था। इसी के चलते सोनू आए दिन सीमा को प्रताड़ित करता था। 17 फरवरी 2018 को सीमा की मौत की सूचना मिलने पर जब वह लड़की की ससुराल गया तो वहां सीमा की जली हुई लाश मिली। मामले में वादी की तहरीर पर थाना पुलिस ने दहेज हत्या का अभियोग पंजीकृत करके बाद विवेचक ने कोर्ट में सोनू के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। राज्य सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने वादी मुकदमा समेत घटना के साक्षियों को कोर्ट में पेश करके गवाही कराई। दोनों ओर से की गई बहस को सुनने के बाद कोर्ट ने दहेज हत्या के दोषी पति को आठ वर्ष की कठोर कैद व बारह हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट मुहर्रिर ने सोनू को हिरासत में लेकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया है। दूसरी ओर वादी पक्ष के लोग सजा की अवधि को कम बताया और इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करने की बात कही है।

### धार्मिक स्थलों से उतरवाए लाउड स्पीकर, इंटर कालेजों के प्रतिनिधियों को सौंपे

**कौशाम्बी।** जिले के चायल क्षेत्र में सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्गत आदेश और शासन की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने सराय अकिल थाना पुलिस फोर्स के साथ थाना क्षेत्र अंतर्गत धार्मिक स्थलों पर मानकों के विपरीत लगे लाउड स्पीकरों को उतरवा दिया और उन लाउड स्पीकरो को थाना क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में सदुपयोग हेतु संबंधित स्कूलों के प्रतिनिधियों को सुपुर्द किया। सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण ने सराय अकिल थाना क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर मानक के विपरीत लगाए गए लाउड स्पीकरो को उतरवा दिया और उन्हे तिलक इंटर कॉलेज कनैली,उदय राज सिंह इंटर कॉलेज कनैली, शिवाजी इंटर कॉलेज नेवादा, पीआरएस इंटर कॉलेज पावर हाउस कस्बा सराय अकिल और सीएचआर कॉलेज पुरखास के प्रतिनिधियों को कालेज में सदुपयोग के लिए सुपुर्द किया है।



# अपर पुलिस अधीक्षक ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

**पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, कैंटीन, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं जिम का एएसपी ने किया निरीक्षण**

**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी साथ ही सभी जवानों से शस्त्राभ्यास भी कराया गया अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, कैंटीन, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं जिम का निरीक्षण किया गया तथा साफ-सफाई हेतु कड़े निर्देश दिए गए एवं भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 2 महीने बाद भी एसडीएम के आदेश का पालन नहीं कर सके अधिशासी अधिकारी

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के नगर पंचायत सिराथू क्षेत्र में सरकारी जमीन पर बने भगवती प्रसाद दौलत राम महाविद्यालय और शैलेंद्र कुमार पांडे पुत्र दशरथ लाल पांडे के मुकदमे की सुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी सिराथू ने भगवती प्रसाद दौलत राम महाविद्यालय और शैलेंद्र कुमार को बेदखल कर दिया है और निर्देश दिया है कि वह सरकारी भूमि से अवैध कब्जा तत्काल हटा ले महाविद्यालय और निजी मकान की जमीन को खाली कराने का निर्देश 2 महीने पूर्व उप जिला अधिकारी सिराथू ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिराथू को दिया था लेकिन 2 महीने बीत जाने के बाद भी एसडीएम के आदेश पर महाविद्यालय की भूमि और निजी आवास की भूमि को खाली कराकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सिराथू सरकारी भूमि को अपने कब्जे में नहीं ले सके हैं जिससे अधिशासी अधिकारी सिराथू की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# निमंत्रण खाने गए व्यक्ति का कटहल के पेड़ से लटका मिला शव

अखंड भारत संदेश

चायल कौशांबी। पिपरी थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव में अधेड़ का शव कटहल के पेड़ से लटका मिला है। मृतक सोमवार की शाम घर वालों से रिश्तेदारी में निमंत्रण जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वापस नहीं लौटा है परिजनों ने जब खोजबीन शुरू की तो पेड़ से लटका हुआ उसका शव मिला है सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पिपरी के चायल वार्ड नंबर 4 अंबेडकर नगर निवासी गुलाब सिंह (50) पुत्र राम प्रताप सिंह गांव कस्बे में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। रोज की तरह वह अपना काम खत्म कर जल्दी घर आ गए। परिवार के सदस्य से पास के गांव में निमंत्रण जाने की बात कह कर गुलाब सिंह घर से निकल गए। निमंत्रण से मंगलवार की दोपहर तक वापस न आने पर परिजन गुलाब को खोजने निकले।



लाश मिलने की जानकारी पर मौके पर लगी भीड़

अचानक गांव के बाहर खेत में कटहल के पेड़ में एक व्यक्ति का शव लटकता हुआ दिखा। परिजनों के मुताबिक, पास से देखने पर शव गुलाब सिंह का निकाला। परिवार के मुखिया की मौत से परिजनों में मातम पसर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पीड़ित परिजनों के मुताबिक, गांव में गुलाब का किसी से कोई विवाद नहीं था फिर कोई हत्या क्यो करेगा। थाना प्रभारी पिपरी श्रवण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### चोरी की दो बैटरी के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र कल्लू निवासी ग्राम खरका फकीराबाद थाना सराय अकिल को सरया पुलिया के पास से दो अदद चोरी की बटरी (इक्साईड 12 वोल्ट) के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 20 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से तीन थाना महेवाघाट से एक थाना सदीपनघाट से एक थाना कोखराज से आठ थाना सैनी से तीन थाना कड़ाधाम से तीन थाना पिपरी से एक कुल 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# चरवा थानेदार के दोहरे मापदंड से उड़ रही कानून की धज्जियां

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भाजपा सरकार के एक माननीय को अपना खास रिश्तेदार बताकर चरवा थानेदार मनमानी पर उतारू है जिससे इलाके में आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है माननीय का संरक्षण मिलने के बाद चरवा थानेदार खुलेआम जुल्म ज्यादती अत्याचार पर उतारू है कानून की खुलेआम थानेदार धज्जियां उड़ा रहे हैं योगीराज में थानेदार की अंधे गर्दी को लेकर इलाके में चर्चा तेज है लेकिन चरवा थानेदार के दोहरे मापदंड पर पुलिस अधिकारी भी रोक नहीं लगा पा रहे हैं चरवा थानेदार कानून का दोहरा मापदंड अपना कर अवैध वसूली में मशगूल हैं आला अधिकारियों का आदेश बताकर इलाके के लोगों को प्रताड़ित परेशान कर खुलेआम अवैध वसूली में मशगूल थानेदार के कारनामों पर कार्यवाही होती नहीं दिख रही है क्षेत्र के लोगों ने सूबे की योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए माननीय के खास थानेदार पर कार्यवाही करने की मांग की है चरवा थाना क्षेत्र में संगठित अपराध तेजी से फल-फूल रहे हैं इलाके के कई स्थानों पर खुलेआम गांजा की बिक्री हो रही है हरे फलदार पेड़ों को लकड़ी माफियाओं द्वारा बेखौफ

**ऊपर के अफसरों का आदेश बताकर आम जनमानस के साथ जुल्म ज्यादती अत्याचार पर उतारू है चरवा थानेदार**



तरीके से प्रतिदिन काटा जा रहा है इलाके के दर्जनों गांव में शराब की अवैध भट्ठियाँ बेखौफ तरीके से धधक रही हैं जिन पर अंकुश लगाने में थानेदार निरंकुश हो चुके हैं बताया जाता है कि अवैध शराब भट्टी से खुलेआम वदीर्धारी सिपाही वसूली करने में मशगूल हैं जिन पर थानेदार अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं लेकिन उसके बाद जेसीबी संचालन पर मालिकानो से मोटी रकम की मांग करते हैं जब जेसीबी संचालक ने रकम देने से इंकार कर दिया तो जेसीबी मशीन चलने में कानून नियम की बात करके तमाम व्यवधान थानेदार डाल रहे हैं जेसीबी मालिक को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं जबकि जेसीबी मशीन के संचालन में शासन प्रशासन और कानून ने किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई है लेकिन उसके बाद जेसीबी मशीन चलने में थानेदार बाधक बन गए हैं जिन मशीन संचालकों से थानेदार को मोटी रकम मिल रही है उन जेसीबी मशीन को चलने में थानेदार ने खुली छूट दे रखी है आखिर जेसीबी मशीन चलाने में थानेदार का यह दोहरा मापदंड क्यों है इस बारे में थानेदार का कहना है कि ऊपर के अधिकारियों का निर्देश है कि जेसीबी मशीनें नहीं चलेंगी ऊपर के अधिकारियों के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए थानेदार के संरक्षण में फिर भी इलाके में जेसीबी मशीन कैसे चल रही है यह पुलिस अधिकारियों की जांच का विषय है लेकिन थानेदार को एक माननीय का भरपूर संरक्षण मिलने के बाद थानेदार निरंकुश दिखाई पड़ रहे हैं आलाकमान भी थानेदार की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में सफल होते नहीं दिख रहे हैं योगी सरकार को बदनाम कर धना दोहन में जुटे चरवा थानेदार के कारनामे की ओर इलाके के लोगो ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# आखिर कब दुरुस्त होंगी क्षेत्र की जर्जर सड़कें : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने क्षेत्र की कई जर्जर सड़को के दुरुस्त न होने पर नाराजगी जाहिर की है। साथ ही जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सवाल किया है कि आखिर क्षेत्र की तमाम जर्जर सड़के कब दुरुस्त होंगी। सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी कई कार्यकताओं के साथ सिराथू एवं मंझनपुर ब्लॉक की कई जर्जर सड़को का हाल जानने निकले। इस दौरान कई गांवों होकर गुजरती जर्जर सड़कों की दुर्दशा देखी। सबसे पहले सिराथू ब्लॉक के ग्राम उदहिन बुजुर्ग चौराहा से अफजलपुरवारी की सड़क, इसी तरह ग्राम उदहिन बुजुर्ग चौराहा से बंबूपुर की सड़क, ग्राम अचाकापुर से ग्राम निजामपुर नौगिरा सड़क, ग्राम जगन्नाथपुर से ग्राम हिसामबाद की सड़क, ग्राम उदहिन खुर्द चौकी से नहर तक की सड़क, ग्राम कैमा से ग्राम तेरहरा की सड़क और मंझनपुर ब्लॉक में ग्राम देवरा से टेंवा की सड़क एवं ग्राम महमदपुर मजरा देवखरपुर ब्लॉक सिराथू से नहर होकर ग्राम ओसा चौराहा की सड़क देखी। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि इन खस्ताहाल सड़कों से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी होती है और लोग चुटहिल हो जाते हैं लेकिन जिले के जिम्मेदार अफसर लोगों की परेशानी की जरा भी परवाह नही करते। इसी के साथ अजय सोनी ने जिम्मेदार

**उदहिन चौराहा से अफजलपुरवारी जाने वाली सड़क की हुई दुर्दशा**



अधिकारियों से सवाल किया कि आखिर कब तक इन जर्जर सड़कों की मरम्मत होंगी। कब तक ये जर्जर सड़कें दुरुस्त होंगी। अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही इन जर्जर सड़को को दुरुस्त नही कराया गया तो उच्च स्तर पर शिकायत की जायेगी। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ संगम लाल गुप्ता, रामलाल गुप्ता, वीरेंद्र गौतम, रितेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# भरवारी में रेलवे क्रासिंग के पास लगा ट्रांसफार्मर फुंका

**भीषण गर्मी में बिजली पानी के लिए तरस गए बच्चे बूढ़े जवान**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में रेलवे क्रासिंग के पास लगा हुआ 400 केवीए का ट्रांसफार्मर देर रात फाल्ट आने के चलते जल गया,ट्रांसफार्मर के जल जाने से केशव नगर वार्ड के लोगो को भीषण गर्मी में बिजली और पानी के लिए तरसना पड़ रहा है, बच्चे बूढ़े जवान सभी बिलबिला उठे हैं और लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है रात भर लोगों ने जागकर मच्छरों से मुकाबला किया प्रचंड गर्मी में किस तरह से कस्बा के लोगों ने रात गुजारी उसका उल्लेख कस्बाई ही बता सकते हैं सुबह से ही पानी नहीं चलने से वार्ड के लोगो को पीने और नहाने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है,वही मोहल्ले के अधिकतर हैंडपंप भी जवाब दे चुके है और शो पीस बनकर खड़े है। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 20 केशव नगर का ट्रांसफार्मर तकनीकी खराबी के चलते देर रात जल गया है, ट्रांसफार्मर जल जाने से मोहल्ले के लोगो को भीषण गर्मी में हवा और पानी के लिए तरसना पड़ रहा है,वही बिजली विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर के कनेक्शन काटकर चले गए है,लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नही आया है ,जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि विद्युत लाइन ठीक करने के लिए पोल पर चढ़कर 11000 की लाइन को लाइनमैन ठीक कर रहा था लेकिन इसी बीच लाइनमैन पोल से गिर गया है वह भाग्यशाली था कि उसे पैर में चोट आई है वरना बड़ी घटना घटने से कोई रोक नहीं सकता था जब कभी भरवारी में विद्युत की बड़ी घटना घटती है उस वक्त कभी भी विद्युत विभाग का कोई भी सक्षम अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहता लाइन मैंन के भरोसे पावर हाउस चलता है जिससे कस्बा के लोगों में आक्रोश बना हुआ है अभी तक भरवारी कस्बे के पावर हाउस में हाइड्रोलिक मशीन की व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं की गई है जिससे लाइनमैन को जान जोखिम में डालकर खंभों में चढ़कर बिजली ठीक करनी पड़ती है कस्बे के लोगों ने कहा कि विद्युत पावर हाउस भरवारी में हाइड्रोलिक मशीन की व्यवस्था कराई जाए जिससे खराब विद्युत व्यवस्था को ठीक करने में लाइनमैन को आसानी हो सके।

# 15 वर्ष पूर्व सपा सरकार में बना पुल हुआ क्षतिग्रस्त

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** जनपद के चायल तहसील अंतर्गत तिल्हापुर मोड़ के मखऊपुर के पास ससुर खदेरी नदी में समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यादव की सरकार के कार्यकाल में 15 वर्षों पूर्व पुल का निर्माण कराया गया था लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार में पुल निर्माण में कार्यदाई संस्था और ठेकेदारों ने मिलकर जमकर धांधली की जिससे पुल मानक के अनुसार नहीं बन सका। ससुर खदेरी नदी के पुल निर्माण के समय ही लोगों ने शिकायत करनी शुरू कर दी थी लेकिन ठेकेदारों और कारदायी संस्था के साठगांठ के चलते निष्पक्ष जांच नहीं हो सकी और कार्यदाई संस्था के सहयोग से ठेकेदारों ने घटिया पुल निर्माण कर खड़ा कर दिया घटिया निर्माण का नतीजा यह रहा कि पुल बनने के कुछ दिन बाद ही यह पुल जर्जर होने लगा जगह-जगह से पुल क्षतिग्रस्त हो गया समय-समय पर लोगों ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की जिस पर पुल में

**पुल में लगाई गई सरिया गाँडर बाहर निकल आने से आवागमन में लोगों को हो रही दिक्कत**



मलहम पट्टी लगाकर कई बार मरम्मत कराई गई समाजवादी पार्टी के सरकार में घटिया निर्माण पर पर्दा डालने का प्रयास विभागीय अधिकारियों ने किया ससुर खदेरी पर बना यह पुल इन दिनों फिर जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गया है पुल निर्माण में लगाए गए गार्डन और सरिया बाहर निकल आए हैं जिससे पुल से गुजरने वाले लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है पुल से बाहर निकली गार्डन सरिया के चलते कभी कभी लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं इलाके के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुल निर्माण में धांधली की जांच कराते हुए कारदायी संस्था और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज करा कर जहां कार्यवाही की मांग की है वही पुल की मरम्मत कराए जाने की मांग इलाके के लोगों ने योगी सरकार से करते हुए कहा कि यदि पुल की मरम्मत शीघ्र न हुई तो कभी भी पुल पर बड़ा हादसा हो सकता है।

जन संपादकीय

## कर्नाटक–फिरकापरस्ती की करारी शिकस्त

राम पुनियानी

**इन** चुनाव परिणामों का भारतीय राजनीति पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि बेहतर होगी और उनका मनोबल बढ़ेगा और यह भ्रम टूटेगा कि मोदी और भाजपा अजेय हैं। अगर कर्नाटक में जो कुछ हुआ उसके निहितार्थ आमजनों तक ठीक ढंग से पहुंचाए जाएं तो इससे साम्प्रदायिकता का बोलबाला कम होगा।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे न केवल सुकून देने वाले हैं बल्कि ये देश को एक करने और भारत के संविधान की मूल्यों को पुर्नस्थापित करने के अभियान की शुरूआत भी हो सकते हैं। कहने की जरूरत नहीं कि देश की एकता और हमारा संविधान दोनों पर ही पिछले कई वर्षों से खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। सन 2018 में कर्नाटक में हुए चुनाव में भाजपा को 104, कांग्रेस को 80 और जेडीयू को 37 सीटें मिलीं थीं। चुनाव के बाद कांग्रेस और जेडीयू ने मिलकर सरकार बनाई जिसे 'ऑपरेशन लोटस' (जो भाजपा द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों को खरीदने की कवायद का नाम है) के अंतर्गत गिरा दिया गया और राज्य में भाजपा ने अपनी सरकार बना ली। इस बार कांग्रेस को 135 सीटें और 43 प्रतिशत मत प्राप्त हुए हैं। मात्र 65 सीटों और 36 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा उससे काफी पीछे है।


कर्नाटक में भाजपा ने बाबा बुधनगिरी दरगाह (एक सूफी पवित्रस्थल जिसके हिन्दू मठ होने का दावा किया गया था) और हुबली के ईदगाह मैदान जैसे मुद्दों के आसपास राजनीति कर अपने लिए जगह बनाई थी। अपनी सरकार के कार्यकाल में भाजपा ने वहां राममंदिर, गाय-बीफ और लव जिहाद जैसे अपने पुराने मुद्दों के अलावा, हिजाब, अजान और हलाल जैसे नए मुद्दे भी उछाले। भाजपा को चुनाव में फायदा पहुंचाने के लिए झूठ, सफेद झूठ और केवल झूठ पर आधारित प्रोपेगंडा फिल्म 'द केरला स्टोरी' को मतदान के ठीक पहले रिलीज किया गया। इस फिल्म की शान में प्रधानमंत्री तक ने कसीदे पढ़े।

हमेशा की तरह, भाजपा ने इस बार भी 'मोदी के जादू' को अपने चुनाव अभियान का अहम आधार बनाया। प्रधानमंत्री और अमित शाह ने कर्नाटक में काफी समय बिताया और ढेर सारी रैलियां, रोड शो और सभाएं कीं। जिस समय भाजपा-शासित मणिपुर भयावह हिंसा की गिरफ्त में था, वहां पचास लोग मारे जा चुके थे, हजारों बेघर हो गए थे और कई चर्चों को जमींदोज कर दिया गया था, उस समय पार्टी के ये दोनों शीर्ष नेता कर्नाटक में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे। इस अवधि में प्रधानमंत्री ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए एक भी अपील जारी नहीं की और न ही उन्हें वहां भड़की हिंसा की आग को बुझाने के लिए राज्य की यात्रा करने की जरूरत समझी। चुनाव के ठीक पहले उन्होंने यह झूठ भी फैलाया कि मैसूर के लोकप्रिय शासक टीपू सुल्तान सन 1799 में चौथे आंग्ल-मैसूर युद्ध में अंग्रेजों के हाथों नहीं मारे गए थे वरन दो वोक्कालिंगाओं ने उनकी हत्या की थी। इसका उद्देश्य था इस्लामोफोबिया फैलाना और वोक्कालिंगा समुदाय का समर्थन हासिल करना। इतिहास को इसी तरह तोड़मरोड़ कर भाजपा ने उत्तर भारत के कई राज्यों में वोटों की भरपूर फसल काटी है। परन्तु इतिहास को विकृत कर उसका इस्तेमाल साम्प्रदायिकता फैलाने के लिए करने का भाजपा का पुराना खेल कर्नाटक में नहीं चला। कर्नाटक के चुनाव के पहले देश में कई बड़े सामाजिक आन्दोलन हुए थे। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तावित तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आजादी की बाद किसानों का सबसे बड़ा आन्दोलन हुआ था। इसी अवधि में राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के जरिये मुसलमानों को मताधिकार से वंचित करने के प्रयास भी हुए। इसी पृष्ठभूमि में कांग्रेस के राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। यह यात्रा काफी सफल रही और किसान व शाहीन बाग आन्दोलनों के साथ मिलकर इसने देश का मिजाज और मूड को बदल दिया। यात्रा में नफरत को भगाने और मोहब्बत को जगाने की बात कही गई, बेईमान पूंजीपतियों से भाजपा के नजदीकी रिश्तों का खुलासा किया गया और बढ़ती गरीबी, भूख, बेरोजगारी और दलितों, महिलाओं और आदिवासियों से जुड़े मुद्दे उठाए गए। इस यात्रा ने निश्चित रूप से राहुल गांधी की छवि को बदल दिया। उन्हें 'पप्पू' कहकर उनका मजाक उड़ाने वालों को भी समझ में आ गया कि वे एक मानवतावादी नेता हैं जिनके सरोकार आम आदमी की समस्याएं हैं। वे उन राजनेताओं में से नहीं हैं जो दिन में कई बार कपड़े बदलते हैं और अपनी चौड़ी छाती के गीत गाते हैं। कांग्रेस ने राज्य के लोगों को जो वायदे किये वे बेरोजगारों, महिलाओं और गरीब वर्ग के कल्याण से जुड़े हुए थे। वर्तमान पारिस्थितियों में भी साहस दिखाते हुए पार्टी ने बजरंग दल और पीएफआई (जो प्रतिबंधित है) को समतुल्य बताया और कहा कि नफरत फैलाने और हिंसा फैलाने वाले संगठनों को प्रतिबंधित किया जायेगा। मोदी एंड कंपनी बस ऐसे ही मौके के इंतजार में थी। नरेन्द्र मोदी ने तुरंत इस मुद्दे को पकड़ लिया। उन्होंने उद्घोषणा की कि पहले कांग्रेस ने भगवान राम को जेल में रखा और अब वह भगवान हनुमान के साथ यही करने जा रही है। उन्होंने समर्पण और शक्ति के प्रतीक भगवान हनुमान को बजरंग दल से जोड़ दिया- एक ऐसे संगठन से जिसका घोषणापत्र हिंसा के रास्ते हिन्दू क्रांति का आन करता है और जिसके अनेक नेताओं और कार्यकताओं का नाम हिंसा से जुड़े मामलों में सामने आता रहा है। वे अपनी सभाओं के अंत और शुरू में 'जय बजरंग बली' का नारा बुलंद करने लगे। कई लोगों का ख्याल था कि कांग्रेस ने विघटनकारी मुद्दों को उछालने में सिद्धहस्त लोगों को एक नया मुद्दा दे दिया है। परन्तु अंततः सिद्ध यही हुआ कि कांग्रेस का यह साहसिक निर्णय सही था और उसने भाजपा के सांप्रदायिक अभियान की हवा निकाल दी। कांग्रेस नेताओं ने भगवान हनुमान की तुलना बजरंग दल से करने को हनुमानजी का अपमान बताया और मतदाताओं को यह सही लगा।

# एफटीए की राह पर भारत-ब्रिटेन

अरविंद जयतिलक

**जी-7** शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा मुक्त व्यापार समझौते (फ्री टेन्ड्स एग्रीमेंट-एफटीए) की समीक्षा रेखांकित करती है कि दोनों देश अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। दोनों नेताओं ने इस महत्वकांक्षी समझौते को मूर्त रुप देने की हामी भरने के साथ व्यापार, निवेश, विज्ञान और तकनीक जैसे व्यापक क्षेत्रों में भी आपसी सहयोग बढ़ाने पर बल दिया है। याद होगा जब ऋषि सुनक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने तब प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जतायी थी कि दोनों देश शीध्र ही फ्री टेन्ड्स एग्रीमेंट (एफटीए) को मूर्त रुप देंगे। गौर करें तो सैंद्धांतिक तौर पर फ्री टेन्ड्स एग्रीमेंट (एफटीए) की नींव पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 2021 में अपनी भारत यात्रा के दौरान रखी। उनके बाद लिज ट्रस ने इस प्रस्तावित टेन्ड्स समझौते का समर्थन कर इसे आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अब इस प्रस्तावित टेन्ड्स समझौता को आकार देने की जिम्मेदारी ऋषि सुनक की है। अगर यह समझौता मूर्त रुप लेता है तो दोनों देशों के व्यापार, निवेश और तकनीकी क्षेत्र को गति मिलेगी। आज भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार तकरीबन चार लाख करोड़ रुपए का है। ऐसे में प्रस्तावित टेन्ड्स समझौता मूर्त लेता है तो दोनों देशों को टैक्स में बड़ी राहत मिलेगी। मुक्त व्यापार करार के तहत व्यापार में दो भागीदार देश आपसी व्यापार वाले उत्पादों पर आयात शुल्क में अधिकतम कटौती करते हैं जिसका फायदा दोनों देशों को मिलता है। चूंकि भारत ने हमेशा से ब्रिटेन को यूरोपीय संघ के देशों के साथ व्यापार के मामले में एक ह्यमुख्य द्वारह्न के रुप में देखा है ऐसे में मुक्त व्यापार समझौता न केवल ब्रिटेन बल्कि भारत के लिए भी फायदे का सौदा होगा। ब्रिटेन ने 2004 में भारत के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरू की थी। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत ब्रिटेन आतंकवाद, परमाणु गतिविधियों और नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत के साथ है। 2021 में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वर्चुअल शिखर वार्ता के जरिए 10 वर्षों का महत्वकांक्षी रोडमैप लॉच कर दोनों देशों के रिश्ते को एक नया आयाम दिया। दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा भरोसा जताया जा चुका है कि 2030 तक आपसी संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में बदलना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में होगा। दोनों नेता स्वास्थ्य, शिक्षा में सहयोग के साथ मौजूदा द्विपक्षीय कारोबार को दोगुना करने और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर तालमेल बढ़ाने पर भी सहमति जता चुके हैं। अब यह ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पर निर्भर करता है कि वह आपसी संबंधों की नई रणनीतिक साझेदारी को कितनी गंभीरता से लेते हैं। अगर सुनक टेन्ड्स समझौते के साथ-साथ माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप समझौते पर अपनी स्वीकृति की मुहर लगा देते हैं तो भारत के प्रशिक्षित लोगों को ब्रिटेन जाने की राह और आसान हो जाएगा। देखें तो बदलते वैश्विक परिदृश्य में आतंकवाद से निपटने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन, पर्यावरण, रक्षा उपकरणों व अत्याधुनिक हथियारों का साझा उत्पादन तथा अफगानिस्तान के हालात जैसे कई अन्य मसलों पर दोनों देशों की सोच एक



जैसी है। कई वैश्विक मंचों के जरिए दोनों देश इन मसलो पर अपने-अपने विचार साझा कर चुके हैं। अगर फ्री टेन्ड्स समझौते पर दोनों देश आगे बढ़ते हैं तो दोनों देशों के आर्थिक भागीदारी को नई ऊंचाई मिलेगी। इससे द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होगी और बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। फ्री टेन्ड्स समझौते पर ब्रिटेन का भारत के साथ आना इसलिए भी उम्मीद जगाने वाला है कि आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। भारत ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश बन चुका है। वर्ष 2030 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक अर्थव्यवस्था के आकार में भारत 2027 में जर्मनी से और 2030 में जापान से आगे निकल जाएगा। ऐसे में ब्रिटेन का भारत के साथ टेन्ड्स डील को लेकर गंभीर होना लाजिमी है। 2004 के बाद से देखें तो दोनों देशों के मध्य व्यापार एवं पूंजी निवेश में तीव्रता आयी है। जहां तक द्विपक्षीय व्यापार का सवाल है तो ब्रिटेन भारत का विश्व में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार जो 2018-19 में 16.7 अरब डॉलर, 2019-20 में 15.5 अरब डॉलर था वह अब बढ़कर 40 अरब डॉलर यानी चार लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच चुका है। इससे दोनों देशों के तकरीबन 5 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। ब्रिटेन में लगभग 800 से अधिक भारतीय कंपनियां हैं जो आईटी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। टाटा इंग्लैंड में नौकरियां उपलब्ध कराने वाली सबसे बड़ी भारतीय कंपनी है। भारतीय कंपनियों का विदेशों में कुल निवेश 85 मिलियन अमेरिकी डॉलर के पार है। दूसरी ओर ब्रिटेन से भारत के बीपीओ क्षेत्र में आउटसोर्सिंग का काम भी बहुत ज्यादा आ रहा है। आउटसोर्सिंग दोनों देशों के लिए लाभप्रद है। एक ओर यह ब्रिटिश कंपनियों की लागत कम करता है वहीं लाखों शिक्षित भारतीयों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराता है। ब्रिटेन में बड़ी तादाद में अनिवासी भारतीयों की मौजुदगी है। यह संख्या लगभग 2 मिलियन तक पहुंच चुकी है। भारतीय लोग दुनिया के अन्य देशों की तरह ब्रिटेन की आर्थिक व राजनीतिक व्यवस्था को भी शानदार गति दे रहे हैं। पिछले दो दशकों में आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के लिए दोनों देशों ने कई तरह की पहल की है। नतीजा ब्रिटेन में परियोजनाओं की संख्या के मामले में भारत दूसरे सबसे बड़े निवेशकर्ता देश के रुप में उभरा है।

दूसरी ओर ब्रिटेन भी वर्तमान भारत में कुल पूंजीनिवेश करने वाले देशों में बढ़त बनाए हुए है। आयात-निर्यात पर नजर डालें तो भारत मुख्य रुप से ब्रिटेन को तैयार माल एवं कृषि एव इससे संबंधित उत्पादों का निर्यात करता है। इसके अतिरिक्त वह अन्य सामान मसलन तैयार वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान, चमड़े के वस्त्र व वस्तुएं, रसायन, सोने के आभुषण, जूते-चप्पल, समुद्री उत्पाद, चावल, खेल का सामान, चाय, ग्रेनाइट, जूट, दवाईयां इत्यादि का भी निर्यात करता है। जहां तक आयात का सवाल है तो भारत इंग्लैंड से मुख्यतः पूंजीगत सामान, निर्यात संबंधी वस्तुएं, तैयारशुदा माल, कच्चा माल व इससे संबंधित अन्य सामानों का आयात करता है। दोनों देश वैश्विक निर्धनता की समाप्ति, वैश्विक संगठनों में सुधार और आतंकवाद के खात्मा के लिए परस्पर मिलकर काम कर रहे हैं। भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने के मामले में पाकिस्तान ब्रिटेन के निशाने पर है। पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक का ब्रिटेन समर्थन कर चुका है। दोनों देश संयुक्त राष्ट्र्ज सुरक्षा परिषद में सुधारों पर भी सहमत हैं, जिससे कि 21 वीं शताब्दी की वास्तविकताओं को अधिक प्रभावी ढंग से प्रतिबिम्बित किया जा सके। इसके अलावा दोनों देश अफगानिस्तान में स्थायित्व लाने और इजरायल-फिलीस्तीन संघर्ष जैसे अन्य विवादित मसलों के समाधान में भी एक जैसे विचार रखते हैं। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ी है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने 2015 में ब्रिटेन की यात्रा कर दोनों देशों के संबंधों को एक नई ऊंचाई दी। तब उनकी तीन दिवसीय ब्रिटेन यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 9 अरब डॉलर मूल्य के सौदे हुए। इसमें असैन्य परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर के अलावा वित्त, रक्षा, परमाणु उर्जा, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा पर भी सहमति बनी। तब दोनों देशों ने रेलवे रुपया बांड जारी करने के अलावा आतंकवाद के मसले पर समान सहमति जतायी। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र संघ आतंकवाद की परिभाषा तय करे। तब इंडिया-यूके सीईओ फोरम में अपनी सरकार की ओर से उठाए गए आर्थिक सुधारों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटिश कंपनियों को भारत के तमाम सेक्टरों में पैसा लगाने के लिए आह्वान किया। अच्छी बात है कि दोनों देश भरोसे की कसौटी पर खरा हैं और कोविड-19 के बुरे दौर में भी एकदूसरे का हाथ पकड़े रहे। उम्मीद है कि दोनों देश एफटीए की राह पर आगे बढ़ आर्थिक-सामरिक संबंधों को मिठास से भर देंगे।

# राष्ट्रपत्नी कहा था, कांग्रेसी ने ! आज आदर उमड़ा राहुल का?

के. विक्रम राव

**नए** संसद भवन के प्रस्तावित उद्घाटन (28 मई 2023) पर कांग्रेसी विवाद से जुड़े मेरे कल के (22 मई 2023) पोस्ट पर कई प्रतिक्रियाएं मिलीं। एक सर्वाधिक दिलचस्प थी, रोषयुक्त भी। मुद्दा यह है कि आज चंद लोगों ने राष्ट्रपति, न कि प्रधानमंत्री, के हाथों समारोह आयोजित होने पर राय व्यक्त की है। प्रधानमंत्री के पक्षधर ने पूछा : बड़ा लाड अब टपक रहा है एक महिला आदिवासी राष्ट्रपति पर? इसी निरीह, विधवा जनजातिवाली मास्टरनी द्रौपदी मुर्मु का जमकर, खुलकर विरोध किया था सोनिया-कांग्रेस से मार्क्सवादी कम्युनिस्टों तक ने। गत वर्ष राष्ट्रपति चुनाव में उनके प्रत्याशी थे रिटायर्ड IAS, झारखंड के व्यापारी, कई दल बदल चुके, यशवंत सिन्हा। इस नौकरशाह का दृढ़ प्रण था कि वे रबड़वाली मोहर नहीं रहेंगे। खैर उसकी नौबत ही जनप्रतिनिधियों ने नहीं आने दी। सिन्हा बुरी तरह पराजित हो गए थे। मगर द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेसी बड़े निर्दयी रहे। अब, इसी कांग्रेसी पार्टी के ठेठ दलित मुखिया मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा कि द्रौपदी मुर्मू, न कि नरेंद्र मोदी, नए संसद भवन का उद्घाटन करें। इसी आवाज को बुलंद करते कांग्रेसी नेता आनंद शर्मा ने भी राष्ट्रपति को निमंत्रित करने का अनुरोध किया। सर्वप्रथम राहुल गांधी ने ही प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन का विरोध किया था। द्रौपदी मुर्मू का नाम सुझाया था। अब जान लें इस प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की राय कैसी रही ? मतदान (18 जुलाई 2022) के समय इन्हीं लोगों ने शंका व्यक्त की थी कि यह गरीब नारी भाजपा की रबड़ स्टाम्प बनकर रहेगी। संसदीय कांग्रेस प्रतिपक्ष के नेता, बंगालवाले, अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी बेहूदगी से इस निरीह महिला को राष्ट्रपत्नी कहा था। हरजाई का पर्याय बना दिया। दलित नेता उदित राज, जो कई पार्टियां बदल चुके हैं, ने कहा था (ट्वीट करते हुए)





नया संसद भवन — उद्‌घाटक : प्रधानमंत्री मोदी

कि द्रौपदी मुर्मू जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। यह चमचागिरी की भी हद है। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने उन्हें नोटिस दिया है। ये सभी कांग्रेसी अपने पूर्व अध्यक्ष, कोर्ट द्वारा अयोग्य करार दिये गए लोकसभाई, राहुल गांधी की बात को ही दुहरा दे रहे हैं कि : द्रोपदी मुर्मू ही नये संसद भवन का उद्घाटन करें। मोदी नहीं। ये कांग्रेसी जितनी भी देशभक्ति का दावा करें, इनके यूरेशियन नेता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा तथा अन्य को याद दिला दूं कि उनके पूर्वज जवाहरलाल नेहरू ने अमरीकी राजदूत प्रो. जॉन केनेथ गेल्ब्रेइथ से क्या कहा था। नेहरू ने बताया था : भारत पर शासन करनेवाला मैं अंतिम अंग्रेज हूं। (लेखक स्टेनली वालपोल की पुस्तक नेहरू : ए ट्रिस्ट विद डेस्टिनी। पृष्ठ 379, प्रकाशक : ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय)। अतः ऐसी ब्रिटिश सत्ता की मानसिकता वाले वंशज इस भारतीय आदिवासी अश्वेत महिला राष्ट्रपति को कैसे गवारा कर सकते हैं ? मगर सियासत की लाचारियां हैं जिनका इस्तेमाल कर राष्ट्रपति को भी अब चुनावी मोहरा बनाने में राहुल गांधी नहीं हिचकिचा रहें हैं। इस विवाद के संदर्भ को बेहतर समझने के लिए भारतीय गणतंत्र की शैशवास्था के प्रसंगों पर गौर करें ताकि वे त्रुटियां फिर आज के संवैधानिक स्थितियों को न ग्रसें। यह वाकया है नवस्वाधीन भारतीय गणतंत्र के प्रारंभिक वर्षों का। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आपसी रिश्ते तथा व्यवहार के नियम तब निर्धारित नहीं हुए थे। उसी दौर में राष्ट्रीय विधि संस्था (सर्वोच्च न्यायालय के सामने वाले भवन में) राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को भाषण होने वाला था। विषय था : राष्ट्रपति बनाम प्रधानमंत्री की शक्तियां। संपादक दुगार्दास की आत्मकथा के अनुसार नेहरु खुद सुबह ही सभा स्थल पहुंच गये तथा राष्ट्रपति के भाषण की सारी प्रतियां जला दीं। राष्ट्रपति के निजी सचिव बाल्मीकि बाबू बमुश्किल केवल एक प्रति ही बचा पाये। ऐसा माजरा था आजाद हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री के व्यवहार का ! अमेरिकी राष्ट्रपति जनरल आइजनहोवर ने राजेन बाबू को "ईश्वर का नेक आदमी" बताया था। उन्हें अमेरिका आमंत्रित भी किया था। विदेश मंत्रालय ने आमंत्रण को निरस्त करवा दिया। विदेश मंत्री ने कारण बताया कि अवसर अभी उपयुक्त नहीं है। (दुगार्दास : "इंडिया फ्रॉम कर्जन टू नेहरू एण्ड आफ्टर" : पृष्ठ–331.339, अनुच्छेद 13, शीर्षक राष्ट्रपति बनाम प्रधानमंत्री)। जब सरदार पटेल ने सौराष्ट्र में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन समारोह पर 1949 में राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को आमंत्रित किया था तो नेहरु ने कहा : "सेक्युलर राष्ट्र के प्रथम नागरिक के नाते आपको धर्म से दूर रहना चाहिये।" पर राजेन बाबू गुजरात गये। सरदार पटेल ने राजेन बाबू को तर्क दिया था कि जब–जब भारत मुक्त हुआ है, तब–तब सोमनाथ मंदिर का दोबारा निर्माण हुआ है। यह राष्ट्र के गौरव और विजय का प्रतीक है। अब एक दृश्य इस प्रथम राष्ट्रपति की सादगी का। "राजेन बाबू", इसी नाम से पुकारे जाते थे वे। तब वकील राजेन्द्र प्रसाद अपना गमछा तक नहीं धोते थे। सफर पर नौकर लेकर चलते थे। चम्पारण सत्याग्रह पर बापू का संग मिला तो दोनों लतें बदल गयी। धोती खुद धोने लगे (राष्ट्रपति भवन में भी)। घुटने तक पहनी धोती उनका प्रतीक बन गयी। आजकल तो रिटायर राष्ट्रपति को आलीशान विशाल बंगला मिलता है। मगर राजेन बाबू सीलन में सदाकत आश्रम (कांग्रेस आफिस, पटना) में रहे। दमे की बीमारी थी। मृत्यु भी श्वास के रोग से हुयी। जब उनका निधन हुआ (28 फरवरी 1963) तो उनके अंतिम संस्कार में जवाहरलाल नहीं गये। बल्कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति डा. राधाकृष्णन से आग्रह किया था कि वे भी न जायें। डा. राधाकृष्णन ने जवाब में लिखा (पत्र उपलब्ध है) कि : "मैं तो जा ही रहा हूं। तुम्हें भी शामिल होना चाहिये।" नेहरु नहीं गये। बल्कि अल्प सूचना पर अपना जयपुर का दौरा लगवा लिया। वहां सम्पूर्णानन्द (यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री) राज्यपाल थे। राजेन बाबू के साथी और सहधर्मी रहे। वे भी नहीं जा पाये। उन्होंने प्रधानमंत्री से दौरा टालने की प्रार्थना की थी। पर नेहरु जयपुर गये। राज्यपाल को एयरपोर्ट पर अगवानी की ड्यूटी बजानी पड़ी। खुद जीते जी अपने को भारत रत्न प्रधानमंत्री नेहरु ने दे डाला। प्रथम राष्ट्रपति को पद से हटने के बाद दिया गया। क्या यह सही था ?

# कर्नाटक की जीत से विपक्षी एकता की शुरूआत

शकील अख्तर

**विपक्ष** का छोड़िए आज भाजपा के, संघ के नेता यह कहते हैं कि उनका अस्तित्व खत्म हो गया है। सिर्फ मोदी ही मोदी है। ऐसा नहीं है कि ममता और अखिलेश को यह खबर नहीं होगी कि कर्नाटक की जीत के बाद भाजपा और संघ में सुकून का भाव आया। अपनी पार्टी का जीतते रहना सबको अच्छा लगता है। चाहे जीत से ज्यादा कुछ मिले या न मिले। मगर जब नेता का अहंकार इतना बढ़ जाए कि वह मैं ही सब कुछ कर रहा हूं। मुझसे पहले कुछ भी नहीं हुआ। ममता बनर्जी और अखिलेश यादव नहीं आए उन्हें माफ कर देना चाहिए। बाकी जो देश भर के विपक्षी नेता आए उनकी राजनीतिक समझ को सलाम करना चाहिए। ममता और अखिलेश अपने-अपने राज्यों को लेकर डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि बीजेपी से लड़ते हुए कांग्रेस वहां स्थापित हो जाएगी। कांग्रेस को उनके इस विचार से खुश होना चाहिए और उनका सम्मान बढ़ा देना चाहिए। दोनों राज्यों पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस बहुत कमजोर है। नगण्य की स्थिति में। लेकिन अगर वहां के दो बड़े क्षेत्रीय नेता यह सोच रहे हैं कि भाजपा के कमजोर होते ही वहां कांग्रेस मजबूत हो जाएगी तो ऐसी अच्छी सोच वालों को कांग्रेस को दोस्ती के लिए और मौके देते रहना चाहिए। और नाराज करने से बचना चाहिए। बाकी यह दोनों को सोचना होगा कि क्या कांग्रेस के मजबूत होने से उनके लिए उतना ही कठिन समय आएगा जैसा अभी भाजपा के राज में है! यह फैसला ममता और अखिलेश को ही करना होगा कि क्या सत्तर साल कांग्रेस के रहने पर विपक्ष मिट गया और क्या तीसरी बार मोदी के आने के बाद विपक्ष रह पाएगा?

विपक्ष का छोड़िए आज भाजपा के, संघ के नेता यह कहते हैं कि उनका अस्तित्व खत्म हो गया है। सिर्फ मोदी ही मोदी है। ऐसा नहीं है कि ममता और अखिलेश को यह खबर नहीं होगी कि कर्नाटक की जीत के बाद भाजपा और संघ में सुकून का भाव आया। अपनी पार्टी का जीतते रहना सबको अच्छा लगता है। चाहे जीत से ज्यादा कुछ मिले या न मिले। मगर जब नेता का अहंकार इतना बढ़ जाए कि वह मैं ही सब कुछ कर रहा हूं। मुझसे पहले कुछ भी नहीं हुआ। भाजपा के पहले प्रधानमंत्री और आज तक के पार्टी में सबसे प्रिय नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल और उनकी जीवन भर की उपलब्धियों को भी कुछ न समझे तो लोगों में दुःख और रोष स्वाभाविक है। कांग्रेस के राज में भाजपा विपक्ष में रही मगर हर नेता और संघ के लोग भी कहते हैं कि उनके सम्मान में कोई कमी नहीं होती थी। आज प्रेम और सम्मान दोनों ही चीजें नहीं हैं। इसलिए कर्नाटक की हार से भाजपा और संघ में राहत की भावना आई कि उनकी पूछ कदर बढ़ेगी। कर्नाटक के चुनाव में संघ कहीं सक्रिय नहीं था। कम लोगों को जानकारी होगी कि आरएसएस में नंबर दो की कुर्सी संभालने वाले दत्तात्रेय होसबाले कर्नाटक के ही हैं। और भाजपा के दक्षिण अभियान के प्रमुख कर्ताधर्ता रहे हैं। वे सर कार्यवाह हैं और यही वह पोस्ट है जो संघ में एक्जिक्यूटिव पोस्ट कहलाती है। सर संघचालक मोहन भागवत भी पहले इसी पद पर रह चुके हैं। और यहीं से उनका प्रमोशन हुआ था। कर्नाटक चुनाव में कहा जा रहा है कि भाजपा के कार्यकर्ता के साथ संघ के लोग भी सक्रिय नहीं थे। इसका कारण वही है जो देश भर में बताया जा रहा है। मध्य प्रदेश में जैसे भाजपा के पहले मुख्यमंत्री रहे कैलाश जोशी के पुत्र दीपक जोशी ने और दूसरे उनसे भी ज्यादा वरिष्ठ नेताओं सत्यनारायण सत्तन, वाजपेयी जी के भांजे अनूप मिश्रा और कईयों ने कहा कि अब भाजपा पहले जैसी नहीं रह गई है। कार्यकर्ता का सम्मान नहीं है। याद रखिए कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी थी जिसमें परिवार की भावना थी। संघ के लोग और भाजपा के कार्यकर्ता एवं नेता भी पारिवारिक संबंध बनाते थे। और एक दूसरे का बहुत सम्मान करते थे। मगर अब जब ऊपर से किसी को नहीं पूछा जा रहा है तो नीचे भी वही भावना आ रही है। हर पार्टी का अपना एक मूल स्वभाव होता है। भाजपा और संघ का सम्मान था। परस्पर सम्मान और सबके साथ भी सम्मान का भाव। मगर जब आडवानी, मुरली मनोहर जोशी और बहुत सारों को उपयोगी न रहने के आधार पर अलग थलग कर दिया गया तो इसका मैसेज नीचे तक पहुंचा। और सामान्य कार्यकर्ता से लेकर नेताओं तक ने भाजपा की कर्नाटक पर एक ही बात कही कि यह तो होना ही था।

## मसान

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**श्मशान** की होम डिलवरी वाला सपना इतना आसान नहीं था। इसे पूरा करने में बड़े-बड़े बुद्धिजीवियों का योगदान है। उनका जितना गुणगान किया जाए कम है। इसके लिए डॉक्टरों ने डॉक्टरी छोड़ चिकित्सा का व्यापार किया। कोरोना के स्पाइक्स को स्तन बनाकर इतना रुपया दूहा कि फार्मा कंपनियों ने जितना बरसों तक नहीं कमाया उतना तो पिछले एक साल में कमाकर कोठी पर कोठी ठोक दी। दो चक्का से आलीशान चार चक्का गाड़ी में घूमने लगे। आम लोगों को जहाँ रोजगार करना चाहिए, वहाँ बेरोजगारी में वाट्सप पर फॉरवर्ड-फॉरवर्ड खेलते हुए देखते मिलेंगे। महामारी में न जाने क्या गजब शक्ति है कि जिसे देखो उसे चिकित्सा ज्ञान की खुजली मची है। पुलिस की लाठी तो लाचारों पर भांजने के लिए बनी है। चुनावी नेताओं के सामने तो साड़ी पहनकर मुजरा करने लगती है। इंसानों को बहुत शौक था तरह-तरह के जीव खाने का। चूहा, बिल्ली, कुत्ता, चमगादड़ खत्म हो गए। कुछ नया ढूँढ़ रहे हैं। अब क्यों न इंसानों को ही खाया जाए! बड़ा मजा आएगा। इंसान के मांस में नमक मिलाने की भी जरूरत नहीं है। उसके बदन में पहले से ही नमक, मसाला का स्वाद घुला होता है। भगवद्गीता, कुरान, बाइबल, गुरुग्रंथ साहब की मानवता नेताओं की चुनावी गाथा के सामने पानी भरती हैं। गंगा जल छिड़कने मात्र से जहाँ महामारी के विषाणु मर जाते हों, वहाँ वैक्सिन, सेनिटाइजर, मास्क और दो गज की दूरी की खाक जरूरत पड़ेगी। गंगा जल की चार बूँदें बदन पर छिड़कों सारे रोग चुटकी में फुर कर जाओ। यहाँ गिरगिट से ज्यादा इंसान रंग बदलता है। ऐसे में श्मशान की होम डिलवरी होना तो माँगता है।

हे मनुष्य! खुशी मनाओ। मिठाई बाँटों। झूमो, नाचो, गाओ और धूम मचाओ। अमेजान, फ्लिपकार्ट, स्विग्गी, जोमाटो की तरह श्मशान भी अब बहुत जल्द घर-घर पहुँचने वाला है। यह प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जो प्रक्रिया बरसों तक एक निश्चित जगह पर फिक्स्ड थी, अब वह सड़कों तक पहुँच चुकी है। जब इतना रास्ता तय कर चुका है तब घरों तक पहुँचने में कितना समय लगेगा? बहुत जल्द हमारे, आपके सबके द्वार तक पहुँच जाएगा। बताइए इससे बढ़कर और क्या चाहिए? कभी सोचा था कि दुनिया इतनी तरक्की करेगी? अपने मंगल की कामना के लिए गुरुबुद्धि के बल पर मंगल, गुरु न जाने और क्या-क्या ग्रह तक पहुँचने के सपने देखने वाले मनुष्य के लिए सबसे मुश्किल कार्य था श्मशान की होम डिलवरी। लीजिए, वह डिलवरी का सपना भी पूरा होने जा रहा है। इसे कहते हैं विकास। नहीं-नहीं विकास का बाप।

## शासन की मंशानुसार निस्तारित करें समस्यायें : डीएम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष में कोरोना नियमों का पालन करते हुए फरियादियों की समस्यायें सुनी।
मंगलवार को कलेक्टेज्ट सभाकक्ष में जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में आए छोटेलाल चकौंध, रामकृपाल पहरा, बसंतलाल अल्मा पुरवा मजरा कादरगंज, भूरेलाल भदेदू, ललित कुमार बकटा बुजुर्ग आदि फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर समय से निस्तारण को सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।
उन्होंने जनता दर्शन में मिली शिकायतों की बाबत अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार शिकायतों को निस्तारित करें। इस मौके पर एडीएम नमामिगंगे सुनंदू सुधाकरन, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## कारखाना का करा लें पंजीयन

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि कार्यालय सहायक निदेशक कारखाना उप्र राजकीय श्रम हितकारी केंद्र कानपुर ने जिले में स्थित सभी पात्र इकाइयों को कारखाना अधिनियम के तहत जल्द पंजीकरण कराने को कहा है।
मंगलवार को उन्होंने बताया कि सभी उद्यमियों को प्रेरित व प्रोत्साहित करते हुए सभी पात्र इकाइयों को कारखाना अधिनियम में पंजीयन कराने के निर्देश हैं। इसके मद्देनजर जिले में स्थापित ऐसे सभी प्रतिष्ठान जिनमें 20 या 20 से अधिक लोग काम करते हों या 40 से 50 से अधिक कर्मचारी बिना शक्ति की सहायता से निर्माण प्रक्रिया में लगे हों। वह प्रतिष्ठान कारखाने की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त पट्रोल पंप, चावल मिल, दाल मिल, ऑटोमोबाइल्स वर्कशॉप, पावर लूम, हैंडलूम बर्फ का निर्माण आदि प्रतिष्ठानों में पांच कर्मचारियों के कार्यरत होने पर भी वे प्रतिष्ठान की श्रेणी में आते हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों के प्रबंधक, मालिक प्रतिष्ठान का पंजीयन करा लें। पंजीयन को निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से कारखाना भवन के मानचित्र विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेते हुए ऑनलाइन शुल्क जमा करके आवेदन कर सकते हैं।

## दबंगों ने गरीब का गिरा दिया किचन, बाल-बाल बचे बच्चे

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** शहर कोतवाली कर्वी के ट्राफिक चैराहा की स्वीटी सोनी पत्नी राजेश कुमार सोनी ने कोतवाली कर्वी को दी तहरीर में कहा कि दबंगई के जोर पर उसके घर का किचन बुलडोजर से गिरा दिया गया है। इससे उसकी पत्नी व बच्चे बाल-बाल बचे हैं।
सोमवार को दी तहरीर में स्वीटी सोनी ने कहा कि दोपहर 12 बजे किचन में बच्चों को खाना बना रही थी। अचानक बुलडोजर ने किचन को ढहा दिया। किचन में वह तथा बच्चे मौजूद थे। आनन-फानन में बच्चों को लेकर किचन से बाहर निकली और पति को बताया। पति ने आकर देखा कि डब्बू उर्फ अशोक गुप्ता व उसका भाई रामनरेश पुत्रगण जुग्गीलाल गुप्ता बुलडोजर चलवा रहे हैं। मना करने पर गाली-गलौज कर कहा कि जैसे निपटना हो वैसे निपट लो।
दबंगई के जोर पर इनका बुलडोजर चलता रहा। पीडितों ने कोतवाली प्रभारी से दबंगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। अभी तक पुलिस ने मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज की।

## एक्टिवा व बाईक की टक्कर में महिला समेत 4 लोग घायल

**नगीना। सोमवार की** दोपहर 12 बजे करीब राष्ट्रीय राजमार्ग धामपुर मार्ग स्थित गांव पुरैनी के पास पी.एच.सी के सामने एक्टिवा व बाईक की आमने सामने की भीषण टक्कर में स्योहारा निवासी बाईक सवार 25 वर्षीय अब्दुल जब्बार व 60 वर्षीय सलाम तथा कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम करौंदा चौधर निवासी एक्टिवा पर सवार 65 वर्षीय अली हसन व 62 वर्षीय मुनीजा गंभीर रुप से घायल हो गये।
चारों घायलों ऐंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया ।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने फांसी लगाकर दे दी जान

**मिजार्मुराद। पति** से विवाद के बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई और इधर पति ने नवनिर्मित मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। यह घटना मिजामुर्राद थाना क्षेत्र के मानापुर छतेरी में रविवार हुई। लेकिन परिवार को घटना की जानकारी सोमवार की सुबह हुई।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।मानापुर छतेरी गांव का रामलखन गोंड उम्र (33) वर्ष राजगीर मिस्त्री था। बताया जाता है कि रविवार को किसी बात को लेकर रामलखन का पत्नी सुमन से विवाद हो गया। विवाद ज्यादा बढ़ गया। इसके बाद विवाद से नाराज पत्नी सुमन गोंड बच्चों को लेकर मायके चली गई। इसके बाद रामलखन ने फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जान दे दी। सुबह जब परिजन उठे तो नवनिर्मित घर में फांसी पर लटकता उसका शव देख शोर मचाने लगे। घर में कोहराम मच गया। देखते की देखते भीड़ लग गई। परिजनों ने उसकी पत्नी और पुलिस को सूचना दी।
सूचना पर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे मिजामुर्राद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत व कछवांरोड चौकी प्रभारी घनश्याम मिश्रा ने फोरेंसिक टीम को बुलवाकर घटनास्थल की जांच करवाइए। इसके बाद शव फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक रामलखन सात भाइयों में तीसरे नम्बर का था। उसके तीन बच्चे शिवम ( 12 ), सत्यम ( 9 ) व सुंदरम (7) हैं।

## देवरिया में कार-ट्रक की टक्कर में 5 की मौत

**देवरिया (उत्तर प्रदेश)।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में भाटपाररानी पुलिस चौकी के फुलवरिया चौराहे पर सोमवार को कार और ट्रक की टक्कर में एक ही परिवार की चार महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
हादसा सुबह करीब 10.30 बजे हुआ जब विपरीत दिशा से आ रहे एक कार और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई।
घटना के बाद मौके पर लोग जमा हो गए और ट्रक चालक को पकड़ लिया। मरने वाले सभी रुद्रपुर के रहने वाले हैं। वे पूजा के लिए बिहार के मैरवा जा रहे थे।
मृतकों की पहचान प्रमिला देवी (50), त्रिशूल (40), गीता (45), सिद्धि (35) और रिपुसूदन (3) के रूप में हुई है।
देवेश, अंजना और गुड़िया घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जल जीवन मिशन के चोरी के पाइपों के रैकेट को दबोचा

## कम्पनी के मालिक समेत कई गिरफ्तार-गैंगेस्टर व एनएसए लगाने की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन के चोरी के पाइपों को खरीदने वाली कम्पनी के मालिक समेत अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 104 डीआई पाइप, दस नग डबल फ्लैंच पाइप, दस नग प्रयोग किये फ्लैंच पाइप, एक डिब्बा काला पेंट, एक डिब्बा फेबीकोच व ब्रस बरामद किया।
मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों को बताया कि रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय की टीम ने 27 अप्रैल को जल जीवन मिशन पाइपों की चोरी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से पुलिस ने डीसीएम में लदे चोरी के 50 पाइप के साथ दबोचा था। विवेचक ने जिला कारागार में बन्द आरोपी गुरमीत सिंह व नियाज अहमद से पूंछताछ में पता किया कि चोरी के पाइपों को डिलाइट इण्टर प्राइसेस प्रालि रनिया कानपुर देहात में बिक्री करते थे। सम्बन्धित बिल बाउचर भी विवेचक को दिये। विवेचना ने प्रकाश में आए आरोपी विकास कुमार पटेल व अनुपम पाण्डेय उर्फ अमित के बयानों पर कानपुर स्थित डिलाइट इण्टर प्राइसेस प्रालि रनिया कानपुर देहात जिसमें बडे पैमाने पर प्लास्टिक पाइप बनाने का काम होता है। पाइपों को स्क्रैप के दाम में



खरीदा जाता है। चोरी के पाइपों के उन हिस्सों को जिसमें जल जीवन मिशन सम्बन्धित स्टीकर लगा होता है, उसे अलग कर पुनः फ्लैंच से जोड़कर नया पेन्ट कर डिलाइट कम्पनी का मार्का लगाकर बाजार मूल्य में पुनः ब्रिकी किया जाता है। कानपुर देहात में सीओ लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की अगुवाई में एसओजी, क्राइम ब्रांच एवं रैपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 22 मई को डिलाइट इण्टर प्राइसेस प्रालि रनिया कानपुर देहात पर छापेमारी कर कम्पनी में रखे स्टॉक को चेक किया। कम्पनी से चोरी के पाइप बरामद किये। कम्पनी के कर्मचारी गोपाल उर्फ अमन ने बताया कि चोरी का माल खरीदा गया था। सरदार जी के डीसीएम व अन्य वाहनों से कई बार में यहां लाया गया था। रैपुरा पुलिस टीम ने कम्पनी मालिक बृजकिशोर गुप्ता पुत्र छेदीलाल गुप्ता निवासी 117/2/87 पान्डुनगर निकट रानी लक्ष्मीबाई पार्क थाना काकादेव कानपुर नगर, सहकर्मचारी श्रीगोपाल उर्फ अमन राजपूत पुत्र राजेन्द्र बाबू निवासी थूलपिया थाना साहिल जिला औरैया हालमुकाम कस्बा थाना दिबियापुर औरैया को गिरफ्तार किया।
अब तक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट व एनएसए की कार्यवाही प्रस्तावित हैं। जांच में पता चला कि तीन माह में गिरफ्तार कम्पनी कर्मचारी अमन व पूर्व में गिरफ्तार चोरों के बीच 450 से अधिक बार मोबाइल में बात हुई है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय, दरोगा अरविन्द कुमार सिंह, सिपाही आकाश पटेल, सिपाही अजीत कुमार व एसओजी/सर्विलांस टीम के प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान धर्मेन्द्र कुमार, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप द्विवेदी, दीवान रहीस खान, सिपाही रोहित सिंह, आशीष कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रणवीर सिंह शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ निष्ठा उपाध्याय मौजूद रहीं।

## सरकार की उपलब्धियां जन-जन को बतायें कार्यकर्ताः दिनेश तिवारी

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भाजपा गनीवा मंडल कार्य समिति की बैठक में पं दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मंडल अध्यक्ष सुशील द्विवेदी की अध्यक्षता में नांदी हनुमान मंदिर परिसर में हुई। बतौर मुख्य अतिथि/पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दिनेश तिवारी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलजुलकर कार्य करें। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक दें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती दें।
अध्यक्षता कर रहे मंडल महामंत्री रामप्रताप सिंह ने कहा कि यह चुनावी वर्ष है। सभी कार्यकताओं को पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को



जिताना है। बूथ जीता तो चुनाव जीता, इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। सभी को गर्व है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने पर देश का मान सम्मान देश-विदेश में बढ़ा है।
वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि चलाई जा रही योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने को हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करे। बैठक मे केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर उपलब्धिओं के बारे में चर्चा हुई। चर्चा में पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री रामप्रताप सिंह, बबलू तिवारी, दिनेश सिंह पटेल, विनीत पयाशी, सोशल मीडिया मण्डल संयोजक रमेश रैकवार, मण्डल अर्चना द्विवेदी, अध्यक्ष महिला मोर्चा सेक्टरों के संयोजक राजेश द्विवेदी, राजकुमार शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, अवनीश कुमार पांडेय, हर प्रसाद गर्ग, हरी सिंह, कामता प्रसाद तिवारी, विनय नामदेव आदि मौजूद रहे।

## बौद्ध महासभा ने बुद्ध विहार को मांगा स्थान

## पुरानी कोतवाली में था बुद्ध विहार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध व गयाप्रसाद बौद्ध ने देश के प्रधानमंत्री व सूबे के मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र एसडीएम सदर को सौंपा। पत्र में कहा कि मथुरा जिले के सुरीर कोतवाली क्षेत्र के तेहरा गांव के पास बुद्ध विहार में रह रहे दो बौद्ध भिक्षुओं पर जानलेवा हमला हुआ था। उन्हें सुरक्षा देकर मुआवजा दिलाया जाये।





मंगलवार को एसडीएम सदर को सौंपे ज्ञापन में भारतीय बौद्ध महासभा के अध्यक्ष ज्ञानचन्द्र बौद्ध व गया प्रसाद बौद्ध ने कहा कि पुरानी कोतवाली कर्वी के अंदर 25 वर्षो से बने बुद्ध विहार प्रशासन ने खाली करा लिया है। इससे बौद्ध भिक्षुओं के रहने को जिले में कहीं जगह नहीं है। बौद्ध भिक्षुओं के रहने व बुद्ध विहार को जगह दी जाये, ताकि बौद्ध भिक्षु सुरक्षित रह सकें। जिले में ढाई सौ वर्ष पुराना बौद्ध स्तूप लालापुर बगरेही, देवकली के छोटी पहाड़ी में खोज में मिले स्तूप को सुरक्षित कराये। पुरातत्व विभाग की सुरक्षा एवं देखरेख में देने का कष्ट करें। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से मांग किया कि तीनों मांगों पर विचार कर ठोस निर्णय लिया जाये। बौद्ध महासभा के लोग आभारी रहेंगे।

## पुलिस ने बरामद किये 23 लाख के खोये फोन

### खोये फोन पाकर मोबाइल धारक के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने 151 लोगों के खोये मोबाइल फोन बरामद किये हैं। बरामद फोन की कीमत लगभग 23 लाख रुपए आंकी गई है। ज्ञात है कि मोबाइल धारकों ने फोन खोने की बाबत पुलिस अधीक्षक को विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये थे। पुलिस अधीक्षक ने एसओजी/सर्विलांस टीम को खोए मोबाइल फोन की बरामदगी के निर्देश दिये थे।प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल की



अगुवाई में 151 खोए फोन बरामद कर मोबाइल धारकों के सुपुर्द किया। टीम में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, दीवान धर्मेन्द्र कुमार, दीवान जितेन्द्र कुमार, दीवान प्रदीप द्विवेदी, रहीस खान, सिपाही रोहित सिंह, आशीष कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, रणवीर सिंह शामिल रहे।

## किसान की बेटी दिखाएगी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में दम

**लखनऊ। कौन क**हता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों यह पंक्तियां लखनऊ की बबली वर्मा पर सटीक बैठती है।
एक किसान की बेटी बबली वर्मा दुनिया जीतने का हौसला दिखा रही हैं। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी बबली वर्मा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में दम दिखाने को तैयार हैं। प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, इसे साबित करते हुए गांव के छोटे से मैदान में कड़ा अभ्यास करने वाली लखनऊ की बबली वर्मा के लिए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 एक बड़ा मंच साबित हो सकता है। बबली वर्मा इन खेलों में राममनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी अयोध्या की टीम से प्रतिभाग करेंगी। एमए प्रथम वर्ष की छात्रा बबली इन खेलों में 3000 मी.स्टीपल चेज में प्रतिभाग करेगी। उनके करियर की ये पहली बड़ी अग्नि परीक्षा होने जा रही है।अपनी ट्रेनिंग के शुरूआती दिनों में बाराबंकी के अपने गांव से लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक का रोज बस से सफर तय करने वाली बबली वर्मा को अभी लंबा सफर तय करना है। मौजूदा वक्त में ऊटी में ट्रेनिंग कर रही बबली वर्मा को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2022 में पदक जीतने का भरोसा है।

## केन्द्रीय व राज्य वस्तु सेवाकर अधिकारियों की हुई बैठक




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर व राज्य वस्तु एवं सेवाकर विभाग की संयुक्त बैठक में व्यापारियों ने पंजीकृत व्यापारियों की तादाद बढाने व फायदे के बारे में राज्य के अधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की।
मंगलवार को शहर के एक होटल में हुई व्यापारियों की बैठक में व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, युवा व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजुल गुप्ता ने विभाग के अधिकारियों से कुछ प्रश्न किये। जिनका समाधान केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर विभाग के अपर आयुक्त एचसी वर्मा व असिस्टेंट कमिश्नर एप्रभाकर ने किया।
बैठक में केन्द्रीय विभाग के अधीक्षक एमए अब्बासी, निरीक्षक संघर्ष सिंह व अन्य कई अधिकारी समेत राज्य कर विभाग के उपायुक्त विजय सोनी, असिस्टेंट कमिश्नर अभिलाष यादव, प्रशान्त अवस्थी मौजूद रहे। व्यापारियों में व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री राजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, गुलाब गुप्ता, दिलीप केशरवानी, अंकित पहारिया, जुगराज केशरवानी, बृजेश रावत समेत सैकडों व्यापारी मौजूद रहे।

## सूर्यदेव के प्रकोप से लोग हुए बेहाल



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में इन दिनों सूर्यदेव के प्रकोप के चलते भीषण गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। चिलचिलाती धूप लोगों का पसीना छुटा रही है। 45 डिग्री सेल्सियस के पार शहरी व ग्रामीण इलाकों में तापमान पहुंच गया है।
मंगलवार को आसमान से आग बरस रही है। लू के थपेड़े से बचने को लोग बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। अस्पतालों में सवेरे से रोगियों की लंबी कतारें लग रही हैं। मौसमी बीमारी तेजी से पैर पसार रही है।
दोपहर में गर्म लपटों के चलते लोगों के शरीर झुलस रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति धड़ाम होने से लोग खासे परेशान हैं। शहर में भी बिजली के हाल बेहाल हैं। ऐसे में लोग खासे हलाकान हैं। गर्मी के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड रही है।

## सभासद डाक्टर मोहम्मद जफर ने संजय सिंह से मिलकर लिया आशीर्वाद

**रामपुर। आम आ**दमी पार्टी के वार्ड 36 से सभासद डाक्टर मोहम्मद जफर ने आप पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल व राज्यसभा सांसद/प्रभारी उत्तर प्रदेश संजय सिंह से मिलकर लिया आशीर्वाद।
डॉक्टर जफर बने रामपुर के लोकप्रिय नेता।
आप नेता डॉक्टर जफर ने जिस तरह से रामपुर की आवाम की खिदमत की है वह किसी से छुपी नहीं है
डॉक्टर जफर एक दशक से लोगों की खिदमत कर रहे हैं हर गरीब मजलूम की आवाज बने आवाम की हर छोटी और बड़ी समस्या को समझा और उनका निस्तारण कराया जिसका बदला वार्ड 36 की आवाम ने उन्हे भरी मातो से जिताकर कर रामपुर का एक लोकप्रिय नेता बनाया। यह बात आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं से भी छुपी नहीं थी जिस के चलते आज दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल व राज्यसभा सांसद/ प्रभारी उत्तर प्रदेश संजय सिंह ने उनसे आज खास मुलाकात की और दुआ से नवाजा।
आप नेता जफर ने अपने जारी बयान में कहा कि जल्द रामपुर नगर पालिका भ्रष्टाचार से मुक्त होगी और शहर के 43 वार्डों में सड़कों का जाल बिछाकर साफ सफाई पर खास ध्यान दिया जाएगा साथ ही साथ जहां पर आम आदमी पार्टी के सभासद जीत कर आए हैं वहां मोहल्ला क्लिनिक खुलवाए जाएंगे, स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी, नाले नाली, पुलिया, इंटरलॉकिंग रोड,पीने के पानी की पाईप लाईन आदि का काम कराया जाएगा। जिस तरह से रामपुर की आवाम ने आम आदमी पार्टी को मोहब्बत से नवाजा है, अब रामपुर में होगा चहुमुंखी विकास।

# विदेश संदेश

## कामिरिता ने रचा इतिहास, 28वीं बार किया एवरेस्ट फतह

**काठमांडू।** नेपाल की कामिरिता शेरपा ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके विश्व रिकॉर्ड



बनाया है। वह मंगलवार सुबह माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचीं। इस सीजन में कामिरिता दूसरी बार एवरेस्ट पर पहुंची हैं। 17 मई को उन्होंने 27वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की। पासंग दावा शेरपा ने 22 मई को 27वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। रिकॉर्ड की बराबरी करने के अगले दिन कामिरिता ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। 2023 के बसंत ऋतु में सबसे ज्यादा 478 पर्वतारोहियों को एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति दी गई है।

## अमेजोन के संस्थापक बेजोस और सांचेज की सगाई जल्द

**वाशिंगटन।** अमेजोन के संस्थापक जेफ बेजोस और उनकी प्रेमिका लॉरेन सांचेज जल्द ही सगाई करेंगे। दोनों इस समय कान फिल्म फेस्टिवल के लिए फ्रांस में हैं। लॉरेन पूर्व ब्रॉडकास्ट जर्नलिस्ट हैं। इस समय सांचेज दिल के आकार की अंगूठी पहन रही हैं। दोनों



2018 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बेजोस अपनी पत्नी से तलाक ले चुके हैं। उनकी पूर्व पत्नी का नाम मैकेंजी स्कॉट है। दोनों के चार बच्चे हैं। पेज सिक्स के अनुसार, मैकेंजी को तलाक के बाद 38 अरब डॉलर प्राप्त हुए। आधा हिस्सा उन्होंने दान कर दिया। सांचेज ने नवंबर 2022 में कहा कि वह ब्लू ओरिजिन के संस्थापक के नक्शे कदम पर चलने और अंतरिक्ष की यात्रा करने का इरादा रखती हैं। सांचेज की बेजोस से दूसरी शादी होगी। उनके पहले पति पैट्रिक व्हाइटसेल से दो बच्चे एला और इवान हैं।

## इमरान खान ने पीटीआई नेता शिरीन मजारी की गिरफ्तारी की निंदा की




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपनी पार्टी की कोर कमेटी की सदस्य शिरीन मजारी की दोबारा गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। शिरीन पाकिस्तान की पूर्व मानवाधिकार मंत्री हैं। इमरान खान ने कहा है कि हुकूमत और अधिकारी 'उसकी आत्मा को तोड़ने' की कोशिश कर रहे हैं। सरकार हद से ज्यादा गिर गई है। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि शिरीन मजारी का स्वास्थ्य खराब है। हुकूमत ने इस बात की भी परवाह नहीं की।

# सिडनी में प्रधानमंत्री मोदी से नोबेल विजेता प्रो. ब्रायन ने अनुसंधान और विज्ञान में भारत की प्रगति को सराहा

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर सिडनी पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अनेक क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने मुलाकात की। सबने उनके नेतृत्व में भारत की प्रगति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुलाकात करने वालों में नोबेल पुरस्कार विजेता ब्रायन पॉल श्मिट भी हैं। श्मिट ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। प्रो. ब्रायन ने इस मुलाकात में अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में भारत की प्रगति की प्रशंसा की।

नोबेल विजेता प्रो. श्मिट ने कहा कि इस क्षेत्र में भारत की क्षमता का आज दुनिया लोहा मानती है। आस्ट्रेलिया और भारत मिलकर और ज्यादा काम कर सकते हैं। भारत ने अपने वैज्ञानिकों को काम में आजादी प्रदान कर दुनिया को भी प्रेरित किया है। उन्होंने इस मुलाकात के बाद पत्रकारों के सवाल पर कहा, मैंने अपने जीवनकाल में नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत इरादों वाला कोई दूसरा भारतीय नेता नहीं देखा। ऑस्ट्रेलियाई सिंगर गाय सेबेस्टियन भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने संगीत, संस्कृति और अन्य विषय पर चर्चा की। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध कलाकार डेनिएल मेट ने भी उनसे मुलाकात



की। मेट ने इस पर चर्चा की कि कैसे भारत और आस्ट्रेलिया विश्वविद्यालयों में रचनात्मक विषयों को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर काम कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई सेलिब्रिटी शेफ और एक रेस्तरां की मालकिन सारा टॉड ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात में भारत को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उनके दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने मुलाकात के बाद कहा- प्रधानमंत्री अविश्वसनीय व्यक्ति हैं। मैं उनसे मिलकर भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। उन्हें वास्तव में अपने देश की परवाह है। वो बेहद विनम्र हैं। हैनकॉक प्रॉस्पेक्टिंग की कार्यकारी अध्यक्ष सुश्री जीना राइनहार्ट ने प्रधामनमंत्री से मुलाकात में भारत में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ाने के लिए किए गए सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मीडिया से कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्षों से भी कम समय में भारत की अर्थव्यवस्था का 3.5 ट्रिलियन हो जाना बेहद महत्वपूर्ण है। इसके अगले 25 वर्षों में 32 ट्रिलियन तक बढ़ने की उम्मीद है। आस्ट्रेलिया को भारत के साथ अपने संबंधों को विकसित करने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले अन्य गणमान्य लोगों में 'टॉयलेट वॉरियर' मार्क बल्ला, ऑस्ट्रेलियन सुपर के सीईओ पॉल श्रोडर,डॉ. एंड्रयू फॉरेस्ट आदि प्रमुख हैं।

## इमरान खान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के सामने पेश होने की संभावना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के अल-कादिर ट्रस्ट मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के सामने पेश होने की संभावना है। न्यायिक परिसर में हिंसा से संबंधित सात मामलों में जमानत हासिल करने के लिए भी उनके इस्लामाबाद की आतंकवाद विरोधी अदालत में पेश होने की उम्मीद है। ट्विटर स्पेस पर कल रात इमरान ने अपने समर्थकों को हिरासत में लिए जाने की स्थिति में भी शांतिपूर्ण रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, उग्र होने पर



उन्हें फिर धरपकड़ करने का मौका मिलेगा। हमें हमेशा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करना चाहिए।उल्लेखनीय है कि खान अंदेशा जता चुके हैं कि उन्हें इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया जा सकता है। खान ने कहा है इसके 80 फीसद चांस हैं।

## अमेरिका में न्यू जर्सी की आईटी कंपनी पर सिर्फ भारतीयों से नौकरी का आवेदन मांगने पर अर्थदंड

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी में एक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी पर अर्थदंड (जुर्माना) लगाया गया है। इस कंपनी 'इंफोसॉफ्ट सोल्यूशन इंक' पर कथित तौर पर छह बार नौकरी के भेदभावपूर्ण विज्ञापन देने और केवल भारतीयों से आवेदन मांगने का आरोप है।

अमेरिकी न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टेन क्लार्क ने कहा है कि ऐसा करके इस कंपनी ने देश के आव्रजन एवं नागरिकता कानून (आईएनए) का उल्लंघन किया है। उन्होंने साफ किया कि जब नियोक्ता केवल किसी खास देश के आवेदकों या जिन्हें अस्थायी वीजा की आवश्यकता होती है, उनसे आवेदन मांगते हैं, तो वे अन्य योग्य कामगारों को हतोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि इंफोसॉफ्ट सोल्यूशन इंक ने इन विज्ञापनों में कथित तौर पर केवल गैर अमेरिकी नागरिकों से आवेदन मांगे थे और एक विज्ञापन में तो केवल भारत के लोगों से ही आवेदन करने को कहा गया था। क्लार्क ने कहा नागरिक अधिकार प्रभाग राष्ट्रीय मूल या नागरिकता दर्जे में भेदभाव को बर्दाश्त नहीं



**इस कंपनी 'इंफोसॉफ्ट सोल्यूशन इंक' पर कथित तौर पर छह बार नौकरी के भेदभावपूर्ण विज्ञापन देने और केवल भारतीयों से आवेदन मांगने का आरोप है।**

करेगा।

क्लार्क ने कहा कि अब यह कंपनी अमेरिकी प्रशासन को 25,500 डॉलर का भुगतान करेगी। कंपनी को आईएनए से जुड़ी जरूरतों पर अपने नियोक्ताओं को प्रशिक्षित करना होगा। रोजगार नीति में उचित बदलाव भी लाना होगा।

## ऑस्ट्रेलिया में भारतीय श्रमिकों का शोषण, कंपनी और निदेशक पर 60,480 डॉलर का जुर्माना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय श्रमिकों के शोषण को स्थानीय एक अदालत ने गंभीरता से लिया है। अदालत ने मेलबर्न स्थित एक कंपनी और उसके निदेशक पर कुल 60,480 डॉलर का जुर्माना लगाया है। इस कंपनी का नाम गॉथिक डाउन्स प्राइवेट लिमिटेड है। यह बेकर्स बुटिक और पैटिसरी आउटलेट संचालित करती है।फेडरल सर्ट एंड फैमिली कोर्ट ने गॉथिक डाउन्स प्राइवेट लिमिटेड पर 50,400 डॉलर और एकमात्र निदेशक ग्यूसेप कॉनफोटरे पर 10,080 डॉलर का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने यह जुर्माना एक कर्मचारी को बैक-पे भुगतान का अधिकार न देने पर लगाया है। न्यायाधीश हीथर रिले ने टिप्पणी की है कि कंपनी और निदेशक ने भारतीय कर्मचारी के अस्थायी कार्यकुशल वीजा की कमजोरी का लाभ उठाया। उधर, 2019 में भी ऑस्ट्रेलियाई नियामक प्राधिकरण फेयर वर्क



ओम्बड्समैन ने अनुपालन नोटिस का पालन करने में विफल इस कंपनी पर अर्थदंड लगाया था। इस मामले में एक और भारतीय श्रमिक पीड़ित है। प्राधिकरण ने जांच रिपोर्ट में कहा है कि कंपनी ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए न्यूनतम मजदूरी दर, सुबह की शिफ्ट दर, सप्ताहांत और सार्वजनिक अवकाश और ओवरटाइम दर का भुगतान नहीं किया। न्यायाधीश रिले ने हैरानी जताई कि कंपनी को यह नहीं पता कि इन श्रमिकों का कितना बकाया है।

## Thailand में स्कूल की छत गिरने से सात लोगों की मौत

**बैंकॉक।** उत्तरी थाईलैंड में आंधी के कारण एक स्कूल की छत गिरने से सोमवार को चार बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बैंकॉक से 300 किलोमीटर उत्तर में स्थित फिचित प्रांत के जन संपर्क कार्यालय के अनुसार, यह हादसा वाट नेर्न पोर प्राथमिक स्कूल में हुआ। सोमवार देर रात को अस्पताल में भर्ती छह साल के लड़के की मौत होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़ गई। आधिकारिक आपदा रोकथाम विभाग के एक फेसबुक पोस्ट के मुताबिक, बारिश से बचने के लिए कई छात्रों ने स्कूल परिसर के गतिविधि केंद्र में शरण ले रखी थी, तभी छत गिर गई, जिससे 18 लोग घायल हो गए।उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रांतीय



जनसंपर्क विभाग के स्टाफ सदस्य पतचरीन सिरी ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों में चार छात्र, दो अभिभावक और स्कूल का एक सफाई कर्मी शामिल हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तरी थाईलैंड में इस सप्ताह भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है।

# प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे सिडनी, आस्ट्रेलिया के साथ संबंधों को अगले चरण पर ले जाने का जताया संकल्प

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन देशों की आधिकारिक यात्रा के आखिरी चरण में आस्ट्रेलिया पहुंच गए हैं। यह उन्होंने कहा कि वह आस्ट्रेलिया और भारत के संबंधों को अगले चरण में ले जाना चाहते हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त और अच्छे दोस्त होने का यही लाभ है कि हम खुले दिल से विचार रखते हैं। आस्ट्रेलिया, भारत की स्थिति को समझा है। इससे हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव नहीं पड़ता है।



सिडनी पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी से आस्ट्रेलिया के उद्योग और निवेश फर्मों के प्रमुख पॉल श्रोडर ने भी मुलाकात की। मुलाक़ात के बाद पॉल श्रोडर ने मीडिया से बातचीत में कहा, हमारी मुलाकात सबसे प्रभावशाली रही। प्रधानमंत्री मोदी काफ़ी प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे व्यापार को समझते हैं जो उत्साहजनक है। पीएम ने भारत के लिए अपने सपनों और सिद्धांत के बारे में बात की, जो वास्तव में एक शक्तिशाली संदेश था।''

मुलाकातों के इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी हैनकॉक प्रॉस्पेक्टिंग के कार्यकारी अध्यक्ष गीना राइनहार्ट से भी मिले।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारतीय समयानुसार कल (सोमवार) शाम सिडनी पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने जोरदार स्वागत किया। भारतीय समुदाय ने वणक्कम मोदी, नमस्ते मोदी, वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से स्वागत किया। वहां उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री से कहा- 'हमें आपसे बहुत उम्मीदें हैं।' प्रधानमंत्री मोदी सिडनी में आयोजित एक सभा में करीब 20 हजार भारतीयों को संबोधित भी करेंगे।

आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज ने इस बीच कहा है कि वह प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक यात्रा में मेजबानी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं। आस्ट्रेलिया और भारत स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री आस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान ही आस्ट्रेलियन ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने खुलासा किया है कि आस्ट्रेलिया में छह लाख 19 हजार 164 लोगों ने यह घोषणा की है कि वे भारतवंशी हैं। यह संख्या आस्ट्रेलिया की कुल जनसंख्या का 2.8 प्रतिशत है। इनमें से पांच लाख 92 हजार का जन्म भारत में हुआ है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## खास चार्टर्ड विमान से सिडनी पहुंचे भारतवंशी, नाम दिया- मोदी एयरलाइंस, रास्ते भर लगे मोदी-मोदी के नारे

**वाशिंगटन।** ऑस्ट्रेलिया में पीएम मोदी के समारोह में शामिल होने के लिए 170 भारतीय मूल के लोगों ने मेलबर्न से सिडनी चार्टर्ड प्लाइट में सफल किया। ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को लेकर क्वांटस फ्लाइट मंगलवार की सुबह सिडनी पहुंची। इंडियन-ऑस्ट्रेलियन डायस्पोरा फाउंडेशन (आईएडीएफ) के सदस्यों ने तिरंगे के रंग वाले पगड़ी पहनकर और भारतीय झंडे लहरा रहे थे। पीएम मोदी के समर्थकों ने इस उड़ान को मोदी एयरवेज नाम दिया और इस उड़ान के लिए अपने तरीके से नृत्य भी किया। सिडनी



में होने वाला समारोह का आयोजन आईएडीएफ द्वारा ही किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के गतिशील और विविध भारतीय समुदाय का जश्न मनाने के लिए आईएडीएफ द्वारा सिडनी में इस समारोह का आयोजन किया गया है। उन्होंने आईएडीएफ को अपने बहुसांस्कृतिक समुदाय का एक मुख्य हिस्सा बताया है।

आईएडीएफ के सह संस्थापक डॉ. अमित सरवाल ने कहा- 'बहुत सारे लोग समारोह स्थल के बाहर भी इंतजार में खड़े हैं, जहां वे पीएम मोदी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं।' ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज पीएम मोदी के साथ दिन में इस समारोह में शामिल हो सकते हैं। कल होने वाले द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर बातचीत होगी। पीएम मोदी पुआ न्यू गिनी से ऑस्ट्रेलिया पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष जेम्स मारपे के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की।

## जब ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले- मोदी इज बॉस, मुझे भी ऐसा स्वागत नहीं मिला

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने सिडनी सामुदायिक कार्यक्रम में द 'लिटिल इंडिया' गेटवे की आधारशिला रखी। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री के रूप में मेरा पहला साल है जिसे




आज मैं मना रहा हूं। मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री से छह बार मिल चुका हूं, लेकिन इस तरह मंच पर उनके साथ खड़े होने से बेहतर कुछ नहीं है, खुशी की बात है कि यहां प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करना। लेकिन मुझे कहना होगा कि आज रात यहां जो गर्मजोशी और ऊर्जा है, वह किसी से कम नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने कहा कि जब मैं मार्च में भारत में था, तो यह अविस्मरणीय क्षणों से भरा एक यात्रा थी, गुजरात में होली मनाना, दिल्ली में महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करना... मैं जहां भी गया, मुझे ऑस्ट्रेलिया और भारत के लोगों के बीच गहरा संबंध महसूस हुआ। यदि आप भारत को समझना चाहते हैं, तो ट्रेन और बस से यात्रा करें। सिडनी में सामुदायिक कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस ने कहा कि आखिरी बार मैंने इस मंच पर ब्रूस स्प्रिंगस्टीन को देखा था मगर उन्हें ऐसा स्वागत नहीं मिला जो प्रधानमंत्री मोदी को मिला है।